दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र
D Edition
Reg.No.RJ26D00120077

# भारत टाइम्स

www.bharattimenews.com
सत्यमेव परं श्रुतम्
Bharattimesnews01@gmail.com

दिल्ली, रविवार 2 मार्च 2025

वर्ष- 3 | अंक-23 | पेज-8 | ई-पेपर नई दिल्ली से प्रसारित

**विचार**

"लोगों से प्रेम करने से अधिक कलात्मक कुछ भी नहीं है"

विन्सेंट वान



पेज 4

## न्यूज. ब्रीफ

### भारत में चल रहे ट्रांसजेंडर क्लीनिक बंद, एलम मस्क ने कसा तंज

**सैन फ्रांसिस्को।** भारत में ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए शुरू किए गए तीन क्लिनिक बंद हो गए हैं। सूत्रों के मुताबिक अमेरिकी एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट द्वारा दी जाने वाली फंडिंग पर रोक लगने के बाद यह कदम उठाया गया है। इस फंडिंग में कटौती से करीब पांच हजार लोगों की स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जनवरी में सभी विदेशी सहायता पर रोक लगा दी थी। यह फैसला उनकी अमेरिका फर्स्ट नीति के तहत लिया गया, जिसके अंतर्गत अमेरिकी करदाताओं के पैसे से वित्त पोषित सभी परियोजनाओं की समीक्षा की जा रही है।

### संजय भंडारी को कोर्ट से मिली राहत, अपील स्वीकार

लंदन। लंदन उच्च न्यायालय ने रक्षा क्षेत्र के सलाहकार संजय भंडारी की भारत प्रत्यर्पण के खिलाफ अपील को मंजूर कर लिया है। 62 वर्षीय भंडारी पर कर चोरी और धन शोधन के आरोप हैं। लॉर्ड न्यायमूर्ति टिमोथी होलोयडे और न्यायमूर्ति करेन स्टेन ने मानवाधिकारों के उल्लंघन का हवाला देते हुए यह फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि तिहाड़ जेल में उन्हें जबरन वसूली और हिंसा का वास्तविक खतरा हो सकता है। इसी के साथ भारत सरकार के प्रत्यर्पण आदेश को अदालत ने किया अस्वीकार कर दिया है। गौरतलब है कि नवंबर 2022 में वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट कोर्ट ने भंडारी के प्रत्यर्पण का आदेश दिया था, जिसे ब्रिटेन की तत्कालीन गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने मंजूरी दी थी।

### नदी में पोत और नौका की टक्कर से 11 की मौत, 5 लापता

बीजिंग। चीन के हुनान प्रांत में स्थित युआनशुई नदी में एक तेल रिसाव साफ करने वाले पोत और छोटी नौका की टक्कर से बड़ा हादसा हो गया। इस दुर्घटना में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 लोग अब भी लापता हैं। चीन की सरकारी मीडिया के अनुसार, यह हादसा विगत दिवस तब हुआ, जबकि 19 लोग पानी में गिर गए। इनमें से तीन लोगों को उसी दिन बचा लिया गया। हादसा उस जगह हुआ, जहां नदी की गहराई 60 मीटर (200 फुट) से अधिक और चौड़ाई 500 मीटर (1600 फुट) है। राहत एवं बचाव दल लापता लोगों की तलाश में जुटा हुआ है।

### ट्रंप और जेलेंस्की के बीच हुई तीखी बहस समझौते पर नहीं हो पाए हस्ताक्षर

वाशिंगटन। दुनिया में अमेरिका की दादागीरी का डंका बजता है। पहले देशों को लड़ाता है फिर खुद के स्वार्थ पूरे करके अलग हो जाता है। इस तरह की नीतियों पर अमेरिका चलता रहा है। इस बार भी उसने यूक्रेन के साथ कुछ इसी तरह की चाल चली है। अमेरिका में राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद डोनॉल्ड ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ पहली बार बैठक की। हालांकि यह बैठक बहुत अच्छी नहीं रही और इस बैठक के दौरान तीखी बहस होने की बात सामने आ रही है। ट्रंप ने बैठक को बीच में ही समाप्त कर दिया और उन्होंने जेलेंस्की को फटकार भी लगाई। बता दें कि यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की अमेरिका के साथ महत्वपूर्ण खनिज समझौते पर हस्ताक्षर किए बिना ही व्हाइट हाउस से रवाना हो गए। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस समझौते की मांग की थी और कहा था।

**पारंपरिक से आधुनिकता की ओर अग्रसर मध्यप्रदेश का टैक्सटाइल उद्योग**

# जीआईएस बना टैक्सटाइल में निवेश का एक्सप्रेस सुपर-हाईवे : मुख्यमंत्री

- जीआईएस-जीआईएस-भोपाल का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश को देश की 'कॉटन कैपिटल' घोषित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश देश का सबसे बड़ा कपास उत्पादक राज्य है।



### बड़ी कंपनियां कर रही हैं मध्यप्रदेश में निवेश

*ओबीटी प्रायवेट लिमिटेड के सीईओ श्री इंगो सोयलर ने बताया कि उनकी कंपनी टेक्निकल नॉन वूवन फेब्रिक मैन्यूफैक्चरिंग में लीडिंग है। उन्होंने बताया कि ओबीटी कम्पनी 100 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश कर भोपाल में उद्योग स्थापित कर रही है। इसी तरह अरविंद ग्रुप के हेड कॉर्पोरेट अफेयर्स डॉ. परम शाह ने बताया कि उनकी कम्पनी मध्यप्रदेश में 800 करोड़ से अधिक का निवेश करने जा रही है।*

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश अपने समृद्ध टैक्सटाइल और परिधान उद्योग के कारण एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में उभर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश की कृषि समृद्धि, पारंपरिक बुनकर समुदायों की उत्कृष्ट कला, आधुनिक औद्योगिक आधार और निवेशक-अनुकूल नीतियाँ राज्य में टैक्सटाइल सेक्टर को सशक्त बना रही हैं। जीआईएस-जीआईएस-भोपाल का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश को देश की 'कॉटन कैपिटल' घोषित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश देश का सबसे बड़ा कपास उत्पादक राज्य है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने राज्य की प्रसिद्ध चंदेरी और माहेश्वरी साड़ियों, बाघ प्रिंट, छीपा हैंड-ब्लॉक प्रिंट और बटिक प्रिंट की प्रशंसा की। उन्होंने यह भी बताया कि देश के सात बड़े टैक्सटाइल पार्कों में से एक मध्यप्रदेश में स्थापित किया जा रहा है।

भोपाल में राज्य सरकार के प्रयासों से देश-विदेश के निवेशकों ने रुचि दिखाई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की है कि मध्यप्रदेश भारत के टैक्सटाइल और एपैरल हब के रूप में स्थापित हो रहा है। जीआईएस भोपाल में टैक्सटाइल निवेश को बढ़ावा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भोपाल में टैक्सटाइल उद्योग में निवेश को बड़े पैमाने पर बढ़ावा मिला। प्रदेश में एमएसएमई क्षेत्र के लिए 21 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव में अधिकांश टैक्सटाइल उद्योग को प्राप्त है।

### मोहन यादव ने कहा कि बालाघाट से मेरा अलग लगाव, नक्सलियों को भी दिया खुला चैलेंज



*बालाघाट। मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव बालाघाट के दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने बालाघाट को कई सौगातें दी हैं। सीएम ने कहा कि आने वाले दिनों में बालाघाट जिले की सूरत ही बदल जाएगी। किसान सम्मेलन के दौरान सीएम ने 326 करोड़ 60 लाख रुपए के विकासकार्यों का भूमिपूजन और 264 करोड़ रुपए के विकासकार्यों का लोकार्पण किया। इस राशि से जिले में स्कूल, अस्पताल और पुलों का निर्माण होगा। इसके साथ ही मोहन यादव ने नक्सलियों को भी चुनौती दी है। **नक्सलवाद के लिए कोई जगह नहीं**- सीएम मोहन यादव ने नक्सलवाद को खुली चुनौती देते हुए कहा कि नक्सलवाद के लिए प्रदेश में कोई जगह नहीं है। अगर बाहर से कोई नक्सली आएगा तो जिंदा वापस नहीं जाएगा। दरअसल, बालाघाट में लगातार हॉक फोर्स नक्सलियों को ढेर कर रही है। **बालाघाट से अलग लगाव**- किसान सम्मेलन में सीएम मोहन यादव ने कहा कि मेरा बालाघाट से अलग ही तरह का लगाव है। हमारे प्रदेश के 54 जिले एक तरफ और बालाघाट एक तरफ। बालाघाट खनिज का बड़ा केंद्र है। परमात्मा ने इस जिले पर प्रेम लुटाया है। यहां के चिन्नौर का चावल अलग ही महकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकास के नई कीर्तिमान बना रहा है। बालाघाट में नए उद्योग लग रहे हैं। आजादी के बाद से मध्यप्रदेश की विकास दर माइनस में थी। लेकिन, अब हमारे राज्य की ग्रोथ 13 फीसदी है। **जिले में विकास कार्यों की सौगात**- गौरतलब है कि सीएम डॉ. यादव की घोषणा के बाद बालाघाट जिले में कुल 326 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से 117 अलग-अलग काम होंगे। इसमें 62 करोड़ रुपए की लागत से 39 कार्यों का भूमि पूजन शामिल है। 24 करोड़ रुपए की लागत से बारासिवनी में विकास काम होंगे। 50 बेड का अस्पताल बनाया जाएगा। 9 करोड़ रुपए की लागत से लामदा में नवगठित तहसील कार्यालय भी बनाया जाएगा।*

### सीएम योगी के सलाहकार अवनीश अवस्थी का कार्यकाल एक साल और बढ़ा



**लखनऊ।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के प्रमुख सलाहकार अवनीश अवस्थी का कार्यकाल एक साल और बढ़ा दिया है। यह उनका तीसरा कार्यकाल विस्तार है। प्रशासनिक अनुभव और रणनीतिक कौशल को देखते हुए यूपी सरकार ने उन्हें 2022 में सेवानिवृत्त होने के बाद सीएम के सलाहकार के रूप में नियुक्त किया था। अवनीश अवस्थी 1987 बैच के आईएएस अधिकारी रह चुके हैं। उन्होंने अपने प्रशासनिक कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दी हैं। वह गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव सूचना समेत कई अहम विभागों में कार्य कर चुके हैं। उनकी प्रशासनिक दक्षता और निर्णय लेने की क्षमता को देखते हुए सेवानिवृत्त होने के बाद भी उन्हें सरकार में विस्तार दिया गया है। सीएम योगी के साथ काम करने के दौरान अवस्थी ने कई विकास परियोजनाओं, कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक सुधारों में अहम भूमिका निभाई है।

## अब पासपोर्ट के लिए बर्थ सर्टिफिकेट को ही जन्मतिथि का प्रमाण माना जाएगा

- केंद्र सरकार ने पासपोर्ट के लिए आवेदन करने के नियमों में किया संशोधन



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पासपोर्ट बनवाने वालों के लिए नियमों में संशोधन किया है। नए संशोधनों के मुताबिक अब 1 अक्टूबर 2023 को या उसके बाद पैदा हुए आवेदकों के लिए सरकारी और उपयुक्त अधिकारियों द्वारा जारी किया गया बर्थ सर्टिफिकेट ही जन्मतिथि का एकमात्र प्रमाण होगा। इसके न होने की स्थिति में जन्म तिथि को सही नहीं माना जाएगा। केंद्र सरकार ने इस सप्ताह 1980 के पासपोर्ट नियमों में संशोधनों को प्रभावी करते हुए एक आधिकारिक नोट जारी किया था। इस नोट में बताया गया था कि संशोधनों के आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित होने के बाद नए नियम लागू हो जाएंगे। इन नए नियमों के मुताबिक 1 अक्टूबर 2023 को या उसके बाद पैदा हुए लोगों की जन्म तिथि के लिए केवल जन्म प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे। यह जन्म प्रमाण पत्र किसी जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रार, नगर निगम या जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के तहत शक्ति प्राप्त किसी उपयुक्त अधिकारी द्वारा जारी होने चाहिए। इसके अलावा इस तय तारीख के पहले के आवेदक पुरानी प्रणाली के हिसाब से जन्म तिथि प्रमाण पत्र के रूप में वैकल्पिक दस्तावेज जैसे ड्राइविंग लाइसेंस या स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र भी जमा करा सकते हैं।

## प्रयागराज महाकुंभ से मिली अर्थव्यवस्था को रफ्तार, अनुमानत: 3 लाख करोड़ का हुआ कारोबार

**नई दिल्ली।** प्रयागराज महाकुंभ 2025 न केवल धार्मिक आस्था का संगम बना, बल्कि यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए भी एक बड़ा बूस्टर साबित हुआ है। करोड़ों श्रद्धालुओं की मौजूदगी और उनके द्वारा किए गए खर्चों ने व्यापार और उपभोग में जबरदस्त उछाल दिया। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन के अनुसार, महाकुंभ से भारत को वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5प्रतिशत जीडीपी वृद्धि का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी। महाकुंभ के दौरान खान-पान, ठहरने, परिवहन, खरीदारी और अन्य सेवाओं पर श्रद्धालुओं द्वारा बड़े पैमाने पर खर्च किया गया, जिससे उपभोग व्यय में भारी वृद्धि हुई।

### महाकुंभ का आर्थिक प्रभाव

महाकुंभ का बजटः करीब 12,670 करोड़ रुपये (राज्य और केंद्र सरकार द्वारा)। श्रद्धालुओं की संख्याः अनुमानित 40 करोड़ से बढ़कर 63 करोड़ पहुंच गई। व्यापार और आर्थिक गतिविधिः कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल के अनुसार, 3 लाख करोड़ रुपये के कारोबार का अनुमान है।

### महाकुंभः भारत के सबसे बड़े आर्थिक आयोजनों में शामिल

महाकुंभ 2025 ने भारत के पर्यटन, व्यापार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। यह आयोजन देश के सबसे बड़े आर्थिक आयोजनों में से एक बन गया है, जिसने रोजगार, कारोबार और जीडीपी ग्रोथ को जबरदस्त रफ्तार दी है।

भारत की जीडीपी को मिलेगी मजबूती सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में भारत की आर्थिक वृद्धि दर बढ़कर 6.2प्रतिशत हो गई, जो पिछली तिमाही में 5.6प्रतिशत थी। यह वृद्धि अच्छे मानसून, सरकारी खर्च में बढ़ोतरी और ग्रामीण उपभोग सुधार के कारण आई है।

## राजस्थान विधानसभा: सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की अनुदान मांगें पारित

- मंत्री ने कहा- राज्य सरकार महिलाओं, गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही



**जयपुर।** राजस्थान के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा है कि राज्य सरकार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिलाओं, दिव्यांगों और घुमंतू जनजातियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है। विधानसभा में अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए मंत्री गहलोत ने कहा कि सरकार ने अंत्योदय के सिद्धांतों का पालन करते हुए आम जनता के कल्याण के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ काम किया है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति उप-योजनाओं के बजट को बढ़ाकर 1750 करोड़ रुपए कर दिया गया है। गहलोत ने कहा कि अनाथ बच्चों को पालनहार योजना के तहत हर माह आर्थिक सहायता देने के लिए 1 हजार 110 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। साथ ही वंचित तबकों के छात्रों के लिए उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत 774.54 करोड़ का प्रावधान किया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत 30,000 विद्यार्थियों को मुफ्त कोचिंग दी जाएगी।

## शिकायतकर्ता महिला है और उसका हर बयान सत्य मान लेना, यह सही नहीं

**हाईकोर्ट ने कहा- आरोप झूठे तो पुलिस शिकायतकर्ता पर भी कर सकती है कार्रवाई**



**केरल।** केरल हाईकोर्ट ने कहा है कि आपराधिक मामलों, खासकर यौन अपराधों में यह मान लेना कि शिकायतकर्ता का हर बयान सत्य है, तो यह गलत है। कोर्ट ने यह कहा कि वर्तमान समय में ऐसे मामलों में निर्दोष लोगों को फंसाने की प्रवृत्ति बढ़ गई है। न्यायमूर्ति पीवी कुन्हिकृष्णन ने एक महिला कर्मचारी द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे एक व्यक्ति को अग्रिम जमानत देने के दौरान सुनवाई में यह बात कही। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में पुलिस ने आरोपी की शिकायत की जांच नहीं की जिसमें उसने कहा था कि नौकरी से निकाले जाने के बाद महिला ने उसे गाली दी और धमकियां दी थीं। कोर्ट ने कहा कि एक आपराधिक मामले की जांच का मतलब केवल शिकायतकर्ता के पक्ष की जांच नहीं है, बल्कि आरोपी के मामले की भी जांच की जानी चाहिए। केवल शिकायतकर्ता महिला है यह मान लेना कि उसका हर बयान सत्य है, यह सही नहीं है। पुलिस केवल उसके बयान के आधार पर कार्रवाई नहीं कर सकती है। आरोपी के मामले को भी गंभीरता से जांचना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि आजकल यह प्रवृत्ति बन गई है कि महिलाओं द्वारा पुरुषों पर यौन उत्पीड़न के आरोप झूठे होते हुए भी उन्हें फंसा दिया जाता है। यदि पुलिस यह पाती है कि महिला द्वारा लगाए गए आरोप झूठे थे तो वह शिकायतकर्ता के खिलाफ भी कार्रवाई कर सकती है। ऐसा कानून भी कहता है। कोर्ट ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को झूठे आरोपों में फंसाया जाता है तो उसका नाम, समाज में प्रतिष्ठा और स्टेटस को नुकसान हो सकता है।

## मणिपुर में शांति बहाली के संकेत, शाह बोले, 8 मार्च से बहाल होगी सामान्य स्थिति

### प्रमुख जिलों में सरेंडर किए गए हथियार

इंफाल ईस्ट, बिश्नुपुर, थौबल, कांगपोकपी, जिरीबाम, चुराचांदपुर और इंफाल वेस्ट जिलों में हथियार सरेंडर किए गए हैं। मैतेई ग्रुप अरम्बाई टेंगोल ने सबसे अधिक 246 हथियार सरेंडर किए।

### राष्ट्रपति शासन और आगे की राह

मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने 9 फरवरी को इस्तीफा दिया था, जिसके बाद 13 फरवरी को राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू किया गया। अब, हथियारों के सरेंडर और सरकार की सख्ती से स्थिति सामान्य होने की उम्मीद बढ़ गई है।

### गृह मंत्रालय के निर्देश

सड़कों की नाकेबंदी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। 8 मार्च से सभी मार्गों पर आम जनता की आवाजाही सुनिश्चित की जाएगी। उग्रवादियों को हथियार सरेंडर करने के लिए 6 मार्च तक का समय दिया गया है। सरकार और सुरक्षा एजेंसियां मणिपुर में स्थायी शांति बहाल करने के लिए सक्रिय हैं।



**इंफाल।** मणिपुर में 21 महीनों बाद हालात सामान्य होने के आसार नजर आ रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को राज्य के हालात की समीक्षा की और 8 मार्च से सभी सड़कों पर बेरोक-टोक आवाजाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। गृह मंत्रालय के अनुसार, 20 फरवरी से अब तक विभिन्न समुदायों ने 300 से अधिक हथियार सरेंडर किए हैं। राज्यपाल ने हिंसा के दौरान लूटे गए हथियारों को लौटाने की अपील की थी, जिसके बाद यह सरेंडर हुआ है। इसे देखते हुए अब राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने हथियार सरेंडर करने की समय सीमा 6 मार्च शाम 4 बजे तक बढ़ा दी है। अब तक 87 तरह के हथियार, गोला-बारूद और अन्य सामान सरेंडर किए जा चुके हैं।

# नेक्स्ट कॉन्क्लेव 2025 में पीएम मोदी ने कहा, दुनिया का केंद्र बन चुका है 21 सदी का भारत



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नेक्स्ट कॉन्क्लेव (एनएक्सटी) 2025 को संबोधित करते हुए कहा कि 21 सदी का भारत अब दुनिया का केंद्र बन चुका है। इसी के साथ उन्होंने भारत की वैश्विक पहचान, आर्थिक प्रगति और प्रशासनिक सुधारों पर जोर दिया और कहा, भारत अब हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता हुआ देश बन चुका है। उन्होंने महाकुंभ 2025 का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रयागराज में करोड़ों श्रद्धालुओं ने स्नान किया और पूरी दुनिया इस अद्भुत आयोजन को देखकर हैरान रह गई। इसके अलावा, उन्होंने भारत के लोकतांत्रिक सफर का जिक्र करते हुए कहा कि 60 साल बाद पहली बार कोई सरकार लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटी है।

### फैक्ट्री ऑफ द वर्ल्ड बन रहा भारत

*इसी बीच पीएम मोदी ने भारत की स्थानीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक पहचान दिलाने के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग और आयुर्वेद दुनियाभर में लोकप्रिय हो चुके हैं। भारत के सुपरफूड्स, मखाने और श्रीअन्न (मिलेट्स) अब वैश्विक बाजारों में अपनी जगह बना रहे हैं। भारत दुनिया का सातवां सबसे बड़ा कॉफी निर्यातक बन चुका है। दशकों तक भारत को बैक ऑफिस कहा जाता था, लेकिन अब भारत फैक्ट्री ऑफ द वर्ल्ड बन रहा है।*

### पुराने कानूनों को खत्म करने पर जोर

*पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में 1,500 से अधिक अप्रासंगिक और पुराने कानून खत्म किए हैं। इनमें से कई कानून अंग्रेजों के जमाने के थे, जो आज के दौर में पूरी तरह बेकार हो चुके थे। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि पहले बांस को पेड़ माना जाता था, जिससे उसे काटने पर कानूनी प्रतिबंध था। लेकिन उनकी सरकार ने यह नियम बदल दिया।*

### पुराने कानूनों को खत्म करने पर जोर

*पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में 1,500 से अधिक अप्रासंगिक और पुराने कानून खत्म किए हैं। इनमें से कई कानून अंग्रेजों के जमाने के थे, जो आज के दौर में पूरी तरह बेकार हो चुके थे। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि पहले बांस को पेड़ माना जाता था, जिससे उसे काटने पर कानूनी प्रतिबंध था। लेकिन उनकी सरकार ने यह नियम बदल दिया।*



# महिला सशक्तिकरण की नई कहानी लिख रहा राजसमंद

## प्रोजेक्ट सक्षम सखी: 51 करोड़ के ऋण वितरण और करीब डेढ़ करोड़ की बिक्री के साथ रचा नया इतिहास

- राजीविका राजसखी मेले में जिले ही नहीं, राज्य के विविध हिस्सों से अपने उत्पाद लाकर जुटी एसएचजी की महिलाएं
- जिला प्रशासन के समन्वित प्रयासों से महिलाएं बन रही स्वावलंबी




♦भारत टाइम्स♦

**राजसमंद विद्याधर वैष्णव।** सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी, नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने शनिवार को तीन दिवसीय राजसखी होली मेले का भव्य शुभारंभ किया।राजीविका के राजसखी होली मेले के दौरान जिले ने एक नया इतिहास रचा। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में प्रशासन द्वारा संचालित 'प्रोजेक्ट सक्षम सखी' के तहत हुए समन्वित प्रयासों से पहली बार एक ही दिन में एडवांस ऑर्डर सहित कुल लगभग 1 करोड़ 50 लाख रुपए के उत्पादों की बिक्री और लगभग 51 करोड़ रुपए के लोन विभिन्न बैंकों द्वारा स्वयं सहायता समूहों को सौंपे गए। जिला प्रशासन के प्रयासों से राजीविका राज्य स्तर से गुलकंद, गुलाल और ठंडाई हेतु 72 लाख 75 हजार का एडवांस ऑर्डर भी महिलाओं को मिला है। महिलाओं को जब एक ही मंच पर विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला तो उनके चेहरे भी खिल उठे।तीन दिवसीय राज सखी होली मेले भव्य शुभारंभ शनिवार सुबह द्वारकेश वाटिका में हुआ, जो सोमवार सायं तक चलेगा। उदघाटन कार्यक्रम में सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी, नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़, जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा, समाजसेवी जगदीश पालीवाल, एडीएम नरेश बुनकर आदि मौजूद रहे। बड़ी संख्या में स्थानीय जन मौजूद रहे। सांसद महिमा मेवाड़ ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ साथ स्वरोजगार के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं जो सराहनीय है। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि सरकार महिलाओं के सर्वांगीण कल्याण को लेकर प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है, लखपति दीदी योजना से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं का भविष्य निखरा है और वे अधिक स्वावलंबी बनी है। विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने कहा कि महिलाओं की भूमिका परिवार में सर्वाधिक अहम होती है, जब महिलाएं सशक्त होंगी तो देश भी सशक्त होगा। इसी तरह कलक्टर ने प्रोजेक्ट सक्षम सखी के तहत किए अभिनव प्रयासों की जानकारी साझा की।

### योजनाओं के लाभ के साथ मिला क्रेडिट लिंकेज

समारोह में केंद्र एवं राज्य की विभिन्न योजनाओं से भी एक ही मंच पर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को लाभान्वित किया गया। विभिन्न बैंकों और राजस्थान महिला निधि से राजीविका के 1052 समूहों को 27.65 करोड़, जिला उद्योग केंद्र द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के 26 लाभार्थी को 11.51 करोड़, डॉ भीम राव अम्बेडकर दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना से 5 लाभार्थी को 5.36 करोड़, पीएम विश्वकर्मा में 300 लाभार्थी को 3 करोड़, मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना में 14 लाभार्थी को 63 लाख, निगम योजना के 57 लाभार्थी को 52 लाख, गोपाल क्रेडिट योजना में 115 लाभार्थी को 40 लाख, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण योजना में 10 लाभार्थी को 95 लाख रुपए सहित विभिन्न योजनाओं में कुल 50 करोड़ रुपए से अधिक राशि का ऋण वितरण कर क्रेडिट लिंकेज दिया गया।राजस्थान महिला निधि की स्कूटी ऋण योजना में कविता मालवीय, रेखा कंवर, आमना बानो और रेखा देवी को स्कूटी की प्रतीकात्मक रूप में चाबी भेंट की। लखपति दीदी योजना अंतर्गत इंडियन बैंक की सरदारगढ़ शाखा ने 133 महिलाओं को उद्यम स्थापित करने हेतु 1.19 करोड़ की राशि ऋण के रूप में प्रदान की।नाबार्ड की सूक्ष्म उद्यम विकास कार्यक्रम के तहत ग्राम सकरोदा ब्लॉक आमेट में जुट उत्पाद के दिए गए प्रशिक्षण में सफल उद्यमियों में रेखा राव, पारस कंवर और जशोदा कंवर को प्रमाण पत्र वितरित किए।

### ग्रामीण अंचल के तरह तरह के उत्पाद बिके

डीपीएम डॉ सुमन अजमेरा ने बताया कि आयोजन के तहत एक ही स्थान पर राजीविका (स्वयं सहायता समूहों) की ग्रामीण महिलाओं द्वारा तैयार गुणवत्ता पर खरे विविध प्रकार के आकर्षक उत्पादों की बम्पर बिक्री हो रही है। हल्दीघाटी के प्रसिद्ध चैत्री गुलाब से निर्मित गुलकंद, गुलाब जल, शरबत एवं अन्य उत्पाद बिक्री हेतु रखे गए हैं।अचार, मसालों, जूट बैग, फाइल कवर, टेराकोटा मिट्टी के उत्पाद, हैंड वॉश, डिशवॉश, फिनाइल, सेनेटरी पेड आदि कई सामान उचित दाम पर उपलब्ध हैं। आमजन अपने परिवार के साथ ग्रामीण महिलाओं द्वारा तैयार इन उत्पादों को खरीद सकते हैं।डीपीएम ने बताया कि कार्यक्रम में 450 रुपए का एक होली गिफ्ट हैम्पर भी बिक्री के लिए उपलब्ध है। इसके तहत हैंडमेड बैग में सीताफल, नीम पत्तियों, गुलाब, चुकंदर, पलाश, मैरीगोल्ड, संतरे के छिलकों से निर्मित 4 विविध रंगों के हर्बल गुलाल 100-100 ग्राम, ठंडाई 100 ग्राम, गुलाब जल 100 मिली, हर्बल ऑर्गेनिक सोप 125 ग्राम दिया जा रहा है। आमजन सोमवार तक मेले का लुत्फ उठा सकते हैं।

### कई जिलों की दिखी झलक

राजसखी मेले के दौरान जयपुर से ब्लॉक प्रिंट शर्ट, हैंडमेड बैग्स, पाली से सोजत मेंहदी, भरतपुर से राजपूती पोशाक, चित्तौड़गढ़ से लकड़ी के आइटम आदि की स्टॉल लगाई गई।कार्यक्रम का संचालन जिला प्रबंधक भेरू लाल बुनकर एवं सहायक प्रबंधक महिला निधि प्रिया चारण ने किया। इस दौरान एसडीएम बृजेश गुप्ता, आयुक्त बृजेश राय, लीड बैंक प्रबन्धक, आमेट राजीविका के प्रबंधक कालूराम हिंगड़, कमल कुमार मारु, मुकेश नवल, मनीष मेवाड़ा, प्रीति लोधा, अजय माली, श्रेया हाजरा, हेमंत छीपा, रविशंकर, राकेश, परवीन, महिला निधि से रणजीत, देवेश लावनिया समस्त ब्लॉक की बीपीएमयू टीम, सीएलएफ टीम, विभिन्न बैंक के अधिकारी गण, महिला मण्डल के प्रतिनिधि, गैर सरकारी संगठन के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

# द्वितीय अभिभावक परामर्शदात्री के कार्यक्रम के हुए आयोजन

## अध्ययन रत 50 दिव्यांग बालक बालिकाओं ने लिया भाग




♦भारत टाइम्स♦

**राजेश गुप्ता/गोविन्दगढ़ /अलवर।** गोविन्द गढ़ कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्थित संदर्भ कक्ष पर शनिवार को द्वितीय अभिभावक परामर्शदात्री एवं फॉलोअप कार्यक्रम मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विश्वजीत सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया । संदर्भ कक्ष प्रभारी भुवनेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में ब्लॉक के कक्षा 1 से 12 में अध्ययनरत 50 दिव्यांग बालक बालिकाओं और उनके अभिभावको ने इस कार्यक्रम भाग लिया । कार्यक्रम की अध्यक्षता यू सी ई ईओ घनश्याम दास गुप्ता ने की। कार्यक्रम में फिजियोथैरेपिस्ट राहुल ने अपनी सेवाएं दी। कार्यक्रम में उपप्रधानाचार्य खेमचंद,विशेष शिक्षक मुकुट बिहारी , मोहित शर्मा ,मनोज, रोहिताश, प्रशांत, कु दिव्या,श्रीमती संजना चौधरी उपस्थित हुए।

# राधेश्याम और पारस का नामांतरण खुला, तो खराब विद्युत केबल भी बदली

## रात्रि चौपाल में ग्रामीणों को मिली समस्याओं से राहत, जताया सरकार का आभार

♦भारत टाइम्स♦

**राजसमंद विद्याधर वैष्णव।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा द्वारा कुंभलगढ़ उपखंड के ग्राम पंचायत जनावद में आयोजित रात्रि चौपाल के दौरान कई ग्रामीणों को मौके पर ही राहत मिल गई। प्रशासन द्वारा जनसमस्याओं के निस्तारण में दिखाई गई त्वरित कार्यवाही से ग्रामीणों ने संतोष व्यक्त किया।रात्रि चौपाल में पहुंचे राधेश्याम मेघवाल एवं पारस गुर्जर ने नामांतरण खोलने की शिकायत प्रस्तुत की थी, जिसे जिला कलेक्टर असावा ने तुरंत संज्ञान में लेते हुए नामांतरण जारी करवाया। भगवत सिंह और केसर सिंह द्वारा हैंडपंप खराब होने की शिकायत प्रस्तुत की गई, जिस पर मौके पर निर्देश पर हैंडपंपों की मरम्मत के निर्देश देकर



पेयजल आपूर्ति बहाल की गई।ग्रामवासियों ने वॉलीबॉल ग्राउंड के मध्य लगे बिजली पोल हटाने की मांग रखी, जिसे कलक्टर न निर्देश पर कार्रवाई शुरू की गई। वहीं, ग्रामीणों की ओर से विद्युत केबल बदलने की मांग पर भी त्वरित कार्यवाही कर केबल को बदला गया। भेरूलाल उपाध्याय ने सफाई व्यवस्था में सुधार और नाली निर्माण की शिकायत दी, जिस पर कलक्टर ने सफाईकर्मियों को तुरंत सफाई कार्य करवाने के निर्देश दिए और नाली निर्माण कार्य को नरेगा एक्शन प्लान में शामिल किया गया।प्रहलाद सिंह द्वारा जन्म प्रमाण पत्र एवं पारस गुर्जर द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र संबंधी शिकायत प्रस्तुत की गई जिसका प्रमाण पत्र जारी किया जाकर समाधान किया गया।जिला कलक्टर ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि प्रशासन हमेशा जनसमस्याओं के समाधान के लिए तत्पर है और आगे भी निरंतर समाधान किया जाएगा।

# मदार-पालनपुर रेलखण्ड पर आंशिक रद्द/रेगुलेट रेलसेवाए रहेगी बहाल

♦भारत टाइम्स♦

**अजमेर।** उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा अजमेर मण्डल के मदार-पालनपुर रेलखण्ड पर खारवा चॉदा-बांगडग्राम स्टेशनों के मध्य ब्रिज संख्या 407 पर आरसीसी बॉक्स डालने हेतु दिनांक 03.03.25 को लिया जाने वाला ट्रेफिक ब्लॉक तकनीकी कारणों से रद्द किया जाता है। जिसके कारण आंशिक रद्द/रेगुलेट रेलसेवाए बहाल रहेगी।

**उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार-**

1. गाडी संख्या 19735, जयपुर-मारवाड़ जं. रेलसेवा दिनांक 03.03.25 को जयपुर से प्रस्थान करेगी वह निर्धारित समयसारणी के अनुसार ही संचालित होगी। गाडी संख्या 19736, मारवाड़ जं.-जयपुर रेलसेवा दिनांक 03.03.25 को मारवाड़ जं. से प्रस्थान करेगी वह निर्धारित समयसारणी के अनुसार ही संचालित होगी। 3. गाडी संख्या 14801, जोधपुर-इंदौर रेलसेवा जो दिनांक 03.03.25 को जोधपुर से प्रस्थान करेगी वह निर्धारित समयसारणी के अनुसार ही संचालित होगी। 2. गाडी संख्या 15013, जैसलमेर-काठगोदाम रेलसेवा जो दिनांक 03.03.25 को जैसलमेर से प्रस्थान करेगी वह निर्धारित समयसारणी के अनुसार ही संचालित होगी।

# *सामूहिक विवाह सम्मेलन का होगा आयोजन*

♦भारत टाइम्स♦

***अलवर/राजेश गुप्ता।** नवम श्री राम जानकी सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन सेवा भारती समिति के सानिध्य में आज मालवीय नगर स्थित आदर्श विद्या मंदिर परिसर में आयोजित किया जाएगा। सेवा भारती के प्रचार मंत्री प्रशांत ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला अध्यक्ष अतुल सिंह के नेतृत्व में विभिन्न जातियों के आर्थिक रूप से कमजोर पांच जोड़ों का विवाह आमजन के सहयोग से संपन्न कराया जा रहा है। विवाह समारोह विजय मुनि जी महाराज सूर्य नगर एवं ब्रह्माकुमारी ममता दीदी के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा। अतिथि के रूप में वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भारत सरकार भूपेंद्र यादव वन एवं पर्यावरण तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री राजस्थान सरकार संजय शर्मा होंगे ,जबकि मुख्य वक्ता अखिल भारतीय प्रकाशन प्रमुख राष्ट्रीय सेवा भारती मूलचंद सोनी होंगे। विवाह समिति के अध्यक्ष अशोक आहूजा एवं संयोजक ममता त्यागी ने जानकारी दिए कि प्रातः काल 9:00 बजे गणेश पूजन अल्पाहार के साथ कार्यक्रम प्रारंभ होगा 10:00 बजे निकासी 11:50 पर तोरण 12. 15 पर वरमाला एवं 12:30 से भोजन तथा 1 .15 बजे से पड़ीग्रहण संस्कार संपन्न होगा। गत वर्ष 11 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया था जबकि पिछले 8 में सर्वजातीय विवाह सम्मेलनों में 17 जातियों के कुल 113 जोड़ों का विवाह संपन्न हो चुका है। विवाह समारोह समिति में जिला मंत्री राजन मल्होत्रा कोषाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता जिला उपाध्यक्ष घनश्याम सैनी प्रचार मंत्री प्रशांत बिंदल कार्यकारी अध्यक्ष अजय वर्मा सहित इंजीनियर मनीष गुप्ता सुशीला दाधीच रुचि रानी निशा ज्योति शर्मा रेणु मिश्रा डॉ सरोज रावत जितेंद्र गर्ग सीमा गुप्ता उषा ज्योति शर्मा एवं बड़ी संख्या में सदस्य दायित्व निर्वाह कर रहे हैं।*

# रेलवे के अजमेर डिवीजन में रोड मोबाइल मेडिकल वैन का शुभारंभ

♦भारत टाइम्स♦

**अजमेर।** दिनांक 1 मार्च 2025 से अजमेर डिवीजन के रेलवे स्टेशनों के बीच रहने वाले रेल कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों के स्वास्थ्य की जांच और उपचार तथा स्वास्थ्य शिक्षा हेतु रोड मोबाइल मेडिकल वैन का शुभारंभ किया गया। इस व्यवस्था का शुभारंभ करते हुए मंडल रेल प्रबंधक श्री राजू भूतड़ा द्वारा मेडिकल वैन को हरी झंडी दिखाकर अजमेर से ब्यावर के बीच के स्टेशनों के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरुण कुमार तथा अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (प्रशासन) डॉ. अजीत सिंह, डॉ. मंगला देवी (स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण) सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी तथा पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित थे। डॉ. अजीत सिंह ने बताया कि यह मोबाइल वैन अजमेर




से पालनपुर, मारवाड़ जंक्शन से बड़ी सादड़ी, अजमेर से चंदेरिया, चित्तौड़गढ़ से हिम्मतनगर तथा अजमेर से पुष्कर के बीच अलग-अलग दिवसों में जाएगी। मेडिकल वैन में उपस्थित चिकित्सक तथा अन्य पैरामेडिकल स्टाफ की टीम विभिन्न स्टेशनों पर तथा स्टेशनों के बीच पटरी के किनारो पर रहने वाले रेलवे के गैंगमैन सहित अन्य स्टाफ की स्वास्थ्य जांच और उपचार करेगी। उल्लेखनीय है कि रेलवे कर्मचारियों के लिए यह मेडिकल वैन प्राथमिकता से चलाने के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री अमिताभ के निर्देश थे । मेडिकल वैन चलाने के निर्णय से रोड साइड स्टेशनों पर रहने वाले रेल कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।


**आवश्यकता**

भारत टाइम्स न्यूज को रिपोर्ट्स ओर अनुभवी मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव की आवश्यकता है। यदि आप हमसे जुड़ना चाहते है तो अपना बॉयोडाटा हमे ईमेल करे।

Bharattimesnews01@gmail.com

Whatsapp

9509745147
9799911545


# लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 ई1 के रीजन 2 सांवरियाँ से 6 नए

## मेल्विन जोहन्स फाउंडेशन के सदस्य बने

♦भारत टाइम्स♦

**अलवर/राजेश गुप्ता।** मेल्विन जोन्स फेलोशिप (MJF) एक कार्यक्रम है, जिसे लायंस क्लब इंटरनेशनल (LCIF) चलाता है. यह उन लोगों को दिया जाता है जो लायंस क्लब इंटरनेशनल फाउंडेशन को दान करते हैं. यह कार्यक्रम लायंस क्लब इंटरनेशनल फाउंडेशन (LCIF) की रीढ़ है ! यह कार्यक्रम दानकताओं के लिए छउकत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बढ़ाने का एक तरीका है. इस कार्यक्रम में, 1,000 डॉलर के दान के बाद 54 मान्यता स्तर हैं हर मान्यता स्तर के लिए एक अलग पिन होता है. 100,000 डॉलर का दान करने के बाद दानकर्ता मानवीय भागीदार बन जाते हैं दुनिया भर में 476,000 से अधिक एमजेएफ प्राप्तकर्ता हैं दुनिया भर में 100,000 से अधिक पीएमजेएफ प्राप्तकर्ता हैं ! अभी हाल ही में




अलवर में आयोजित डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 के तीसरी केबिनेट मीटिंग में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पी.एम.जे.एफ.लायन सुनील अरोड़ा, पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एम.जे.एफ. लायन अशोक ठाकुर, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर एम.जे.एफ. लायन ओ.पी.मंगल द्वारा लगातार मोटीवेट करने पर रीजन 2 सांवरियाँ से 6 सदस्यों ने इस फाउंडेशन में अपना नाम दर्ज करवाया है यहाँ तक की डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 के 125 सदस्यों का दल जब वियतनाम गया था वहाँ पर भी मोटिवेशन का कार्य लगातार जारी रहा जिसकी बदौलत पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन मानक चन्द गुप्ता , रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता, लायंस क्लब अलवर मत्स्य की अध्यक्ष लायन डॉ.मंजू अग्रवाल,लायन डॉ.वी.के.अग्रवाल, लायंस क्लब अलवर मत्स्य के लायन रामबाबू गुप्ता ,लायंस क्लब राजगढ़ से पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन विरेन्द्र कुमार शर्मा पी.एम.जे.एफ. बने है ! मेल्विन जोन्स फेलोशिप के अंतर्गत यह रूपए जरूरतमंद, असहाय लोगो की मदद के लिए काम आता है ! एमजेएफ के लिए योगदान व्यक्तियों (गैर-लायंस सहित), क्लबों या जिलों द्वारा किया जा सकता है। दान एकमुश्त या किस्तों में हो सकता है। मेल्विन जोन्स फेलो को एक विशेष लैपल पिन, एक पट्टिका और एक बधाई पत्र मिलता है।

# ऑटोमेशन, फटीर्गेशन के लिए आवेदन किये जा सकते है

## खेती में ड्रिप सिचांई प्रणाली से फलदार, फूलों एवं सब्जियों की खेती में उपयोगी योजना है

- फटीर्गेशन व आँटोमेशन पर अनुदान दिया जायेगा। किसान राजकिसान साथी पोर्टल पर आँनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। आवेदन हेतु जन आधार, भूमि स्वामित्व, सिचांई स्त्रोत, मृदा व जल परीक्षण रिपोर्ट इत्यादि।



♦भारत टाइम्स♦

**बोरुंदा/सोहनलाल वैष्णव।** उद्यानिकी विभाग की वर्ष 2024-25 में फटीर्गेशन व आँटोमेशन योजना में किसान लाभ प्राप्त कर सकते है। जो किसान ड्रिप सिंचाई को खेती में उपयोग करते साथ ही माईक्रो इरीगेशन में आँटोमेशन का लाभ लेना चाहते तो राज किसान साथी पोर्टल पर आवेदन कर सकते है। जिले में सभी श्रेणी के किसान लाभ प्राप्त कर सकेगे।आँटोमेशन के लिए 163 व फटीर्गेशन हेतु 100 किसान श्रेणी अनुसार लाभान्वित का कुल लक्ष्य है। कृषक श्रेणीवार लक्ष्य अनुरूप लाभान्वित किया जायेगा। आँटोमेशन हेतु जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आज विज्ञान का वर्चस्व है। कृषि क्षेत्र में भी दिन-प्रतिदिन नवीन तकनीकी के नवाचारों के परिणामस्वरुप उत्पादन की गुणवत्ता में वृद्धि के साथ साथ नवीन पीढी को भी आकर्षित किया जा सकता है।राज्य में सीमित जल संसाधन के दक्षतम उपयोग के मध्यनजर राज्य सरकार द्वारा बूंद-बूंद सिचांई संयत्रों व संरक्षित खेती के प्रोत्साहन पर अत्यधिक ध्यान केन्द्रित किया है। विभिन्न स्टेकहोल्डर्स में जागरूकता तथा तकनीकी प्रोत्साहन पर अनुदान राशि का प्रावधान किया जाकर उक्त तकनीक के प्रति किसानों का रूझान बढ़ाया जाना अहमं लक्ष्य है। राज्य में ड्रिप सिंचाई पद्धति की उत्तरोतर, वृद्धि, कृषक रूझान, उच्च तकनीकी की उद्यानिकी मांग तथा ड्रिप सिंचाई पद्धति पर आर्दश उत्पादकता एवं गुणवत्ता प्राप्त करने के लिए इस तकनीकी का स्वचालन यानी ऑटोमेशन की महत्त्व की आवश्यकता है। ड्रिप सिचांई तकनीक से फटीर्गेशन का लाभ होता है। फटीर्गेशन तकनीकी से फसल को वांछित पोषक तत्व की आपूर्ति ड्रिप सिचांई प्रणाली के माध्यम से सिचांई के साथ जल विलेयक उर्वरक, तरल उर्वरक सीधे ही पौधों के जड़ो में जाने का फायदा होता है। फटीर्गेशन व आँटोमेशन पर अनुदान दिया जायेगा। किसान राजकिसान साथी पोर्टल पर आँनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। आवेदन हेतु जन आधार, भूमि स्वामित्व, सिचांई स्त्रोत, मृदा व जल परीक्षण रिपोर्ट इत्यादि। फटीर्गेशन का अनुदान संस्तुलित फसलों की खेती पर ही देय है। आँटोमेशन सूक्ष्म सिचांई के माध्यम से सिचांई पर संरक्षित खेती व खुली खेती दोनो पर है। हाईटेक उद्यानिकी खेती सब्जी, फूल, फल-बगीचे अन्य फसल जो ड्रिप संयत्रों पर लि जा रही हो। जिले का इच्छुक कोई भी किसान इन योजना में आवेदन कर सकते है।वही सहायक कृषि अधिकारी रफीक अहमद कुरैशी ने इन योजनाओं में लाभान्वित होने को लेकर किसानों में विस्तार से चर्चा की।

# श्री ऋषभ जिन प्रासाद की अंजनशलाका प्रतिष्ठा महोत्सव

## दीक्षार्थियों के केसर छांटने का मंगल विधान हुआ सम्पन्न





♦भारत टाइम्स♦

**चौहटन/ डूंगर राठी।** श्री रमेशकुमार नीतिनकुमार जेठमलजी सेठिया परिवार द्वारा नवनिर्मित श्री ऋषभ जिन प्रासाद की अंजनशलाका प्रतिष्ठा एवम दो मुमुक्षुओं की भागवती प्रव्रज्या निमित्त आयोज्य पाँच दिवसीय समारोह के तीसरे दिन शनिवार को परमात्मा आदिनाथ के बाल्यकाल, विवाह, मायरा, राज्याभिषेक आदि से सम्बद्ध विभिन मंगल विधान विनीता नगरी में विधान सम्पन्न हुए। प्रातः 9.30 बजे प्रारम्भ हुए इस कार्यक्रम को देखने महिलाओं एवं पुरुषों की भीड़ अन्त तक बनी रही। खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्रीजिनमणीप्रभसूरीश्वर जी, विमलप्रभाश्री, कल्पलताश्री, मुनि विरक्तप्रभसागर, मुनि मृगांक प्रभसागर एवं अनेक साधु- साध्वीवृन्द की निश्रा में केसर छांटने मंगल विधान हुआ। आचार्य श्री ने अपने करकमलों से मुमुक्षु मुस्कान धारीवाल तथा मुमुक्षु वर्षा सेठिया को केसर वस्त्र प्रदान कर सकल संघ की साक्षी में उत्तम संयम जीवन का आशीर्वाद दिया। सभी श्रमण-श्रमणी भगवन्तों एवं महिलाओं पुरुषों के मुमुक्षुओं द्वारा केसर छांटने की रस्म अदा की गई और संगीतकार के मधुर स्तवनों पर नृत्य आदि कार्यक्रम हुए। दोपहर में सकल संघ का स्वामी वात्सल्य रखा गया। इस अवसर पर चौहटन से बाहर अहमदाबाद, सूरत, नवसारी, मुंबई, चेन्नई जयपुर, जोधपुर व्यवसाय के लिए बाहर रह रहे प्रवासी लोग भी इस समारोह में भाग लेने चौहटन का सिलसिला जारी हैं।

# सारथी यूथ फाउंडेशन ने दिव्यांगजन बच्चों को भोजन प्रसादी कराकर मनाया सेवा दिवस



♦भारत टाइम्स♦

**जोधपुर अरुण माथुर।** सारथी यूथ फाउंडेशन संस्थापक व अध्यक्ष देवेन्द्र गहलोत ने बताया की रविवार सेवा दिवस उद्देश्य से रविवार को अवकाश होने के कारण आज शनिवार को संजीवनी दिव्यांगजन पुनर्वास केन्द्र मे बच्चों को भोजन प्रसादी कराकर मनाया सेवा दिवस आज की सेवा मे बद्रीनारायण हर्ष (राधे राधे) अंकल का विशेष सहयोग रहा सभी बच्चों को पेस्टी खिलाई गई गहलोत ने आमजन से अपील की है की अभी शादियों का सीजन चल रहा है ओर सभी को वचन लेना चाहिए की हम भोजन को झूठा नही छोडेंगे क्योंकि आज अक्सर शादियों मे या अन्य उत्सव मे भोजन बहुत व्यर्थ हो रहा है इसलिए आमजन से हमारी अपील है की आप उतना ही ले थाली मे कि व्यर्थ ना जाए नाली मे। फाउंडेशन जिलाध्यक्ष पुजा सुराणा ने बताया की रविवार सेवा दिवस उद्देश्य से हर रविवार को गौ सेवा, संतो की सेवा, पक्षी सेवा, वानर सेवा, वृद्वजनो की सेवा, अनाथ, नेत्रहीन, विकलांग, निराश्रित, दिव्यांगजन बच्चों की सेवा, वस्त्रदान, आदि अलग अलग क्षेत्र मे जाकर सेवा कार्य किए जाते हैं सुराणा ने बताया की संजीवनी दिव्यांगजन पुनर्वास केन्द्र मे बच्चों को शिक्षा, चिकित्सा के साथ बच्चों को अच्छे से रहना खाना, पीना कैसे करते है सब सिखाया जाता है बच्चों को घर से केन्द्र लाने ले जाने की सुविधा भी दी जाती है संजीवनी दिव्यांगजन पुनर्वास केन्द्र के संचालक रामस्वरूप प्रजापत महेन्द्र सिंह, शानू, मोनू कुमार गुप्ता, कुसुम ने फाउंडेशन के सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया इस दौरान जिला महासचिव लखपत परिहार, ललित अवस्थी, ओमप्रकाश वर्मा, गीता लाडवानी, सुरेन्द्र सिंह तोमर, भावना जैन, चचंल राजसा धारीवाल, मुरली सोनी, कृष्णा पंवार, रामनारायण थिरोदा, सुमेर जैन लुकड, रोचक धारीवाल, हिमांशु सुराणा, प्रियांशी लाडवानी, आदि उपस्थित थे।

# चर्चा के लिए मुद्दे नहीं होने पर विपक्ष डाल रहा काम में गतिरोधः शेखावत



♦भारत टाइम्स♦

**जोधपुर अरुण माथुर।** केंद्रीय संस्कृत्ति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राजस्थान विधानसभा में विपक्ष के रवैये की निंदा करते हुए कहा कि जब विपक्ष के पास में कहीं कोई मुद्दे शेष नहीं रह जाते, कोई विषय जब उनके पास चर्चा करने के लिए शेष नहीं होते, तब वो इस तरह के आधारविहीन विषयों को लेकर इस तरह से टिप्पणियां करते हैं। काम में गतिरोध डालते हैं। काम नहीं होने देते हैं। यह बात उन्होंने शनिवार को अपने निवास पर पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत के दौरान कही।विधानसभा में पक्ष-विपक्ष के बीच गतिरोध से जुड़े सवाल पर शेखावत ने कहा कि निश्चित रूप से यह निंदनीय है। लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में इस तरह की बातों की कहीं कोई गुंजाइश नहीं है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मयार्दा का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। न वहां कोई पक्ष का विषय, न कोई अपक्ष का विषय और न कोई विपक्ष का विषय है। सभी लोगों को अपनी लोकतांत्रिक मयार्दाओं का सम्मान करते हुए उस पर कार्यवाही करना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता अनेक अपेक्षाओं के साथ अपना जनप्रतिनिधि चुनकर भेजती है कि वो सदन में जाकर अपने क्षेत्र से जुड़े हुए विषयों और समाज से जुड़े विषयों पर चर्चा करेंगे, स्वस्थ चर्चा करेंगे, लेकिन जब चर्चाएं इस तरह की राजनीति की भेंट चढ़ती हैं, राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की भेंट चढ़ती हैं तो उसका दुख निश्चित रूप से मतदाता को होता है। एलिवेटेड रोड से जुड़े सवाल पर शेखावत ने कहा कि एलिवेटेड रोड का टेंडर डॉक्यूमेंट हो गया है और टेंडर प्रक्रिया चल रही है। बहुत जल्दी उसका शिलान्यास हो जाएगा। नाइट टूरिज्म पर उन्होंने कहा कि नाइट टूरिज्म को लेकर जो स्टेट ने घोषणा की और आगे हम उसको स्टेट के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। पर्यटन के मानचित्र पर जोधपुर और अधिक प्रमुखता के साथ में आए। राजस्थान में पर्यटन के दृष्टिकोण से और अधिक काम हो, इसके लिए राजस्थान सरकार से मिलने वाले हर प्रस्ताव पर सकारात्मक रूप से भारत सरकार का पर्यटन मंत्रालय विचार करेगा। जोजरी नदी के प्रदूषण से जुड़े सवाल पर शेखावत ने कहा कि निश्चित रूप से यह चिंता का विषय है। मैंने जलशक्ति मंत्री होने के नाते राज्य सरकार से बात की थी। उस समय में राज्य सरकार 40 प्रतिशत और 60 प्रतिशत सहयोग भारत सरकार दे, ऐसा प्रोजेक्ट पारित कराया था। मैं धन्यवाद करूंगा राजस्थान सरकार कि अभी बजट में उन्होंने इसके लिए 176 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट की घोषणा की है। राजस्थान सरकार अपना योगदान करेगी और भारत सरकार भी योगदान देगी। मुझे पूरा विश्वास है कि हम इस समस्या का समाधान हमेशा-हमेशा के लिए कर पाएंगे।

# ड्यूटी समय में निजी क्लीनिक पर सेवा देते पकड़े गए डॉक्टरों पर कार्रवाई नहीं, आम आदमी पार्टी ने जिला कलेक्टर को लिखा पत्र

♦भारत टाइम्स♦

**प्रदीप भूराणी गर्ग।** आम आदमी पार्टी ने जिला अस्पताल बाड़मेर के चिकित्सकों द्वारा ड्यूटी समय में निजी क्लीनिकों में सेवाएं देने के मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने पर नाराजगी जताई है। पार्टी के जिलाध्यक्ष भगवानसिंह लाबराऊ ने जिला कलेक्टर टीना डाबी को पत्र लिखकर दोषी चिकित्सकों पर कार्रवाई की मांग की है और यदि उचित कदम नहीं उठाए गए, तो लोकायुक्त सचिवालय से उच्च स्तरीय जांच की मांग करने की चेतावनी दी है।गौरतलब है कि जिला कलेक्टर टीना डाबी ने 26 सितंबर 2024 को बाड़मेर जिला अस्पताल और निजी चिकित्सालयों का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. महेंद्र चौधरी को ड्यूटी समय में अपने आवास पर और डॉ. रमेश कटारिया को निजी क्लीनिक में मरीजों की जांच करते हुए पकड़ा गया था। इस पर कलेक्टर ने ड्यूटी समय में निजी क्लीनिकों में सेवाएं देने वाले चिकित्सकों पर नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही थी, लेकिन पांच महीने बीतने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।डॉ. महेंद्र चौधरी को स्वास्थ्य विभाग से ठढअ (ठरल्ल-ढ्रूइ्री अह्लह्लरद्दल्लू) भत्ता भी मिल रहा है, जिसका उद्देश्य उन्हें निजी प्रैक्टिस से रोकना है। इसके बावजूद वह सरकारी अस्पताल की ड्यूटी छोड़कर अपने आवास पर मरीजों की जांच कर रहे थे।निरीक्षण के दौरान अस्पताल के उपस्थिति रजिस्टर में कई चिकित्सकों के हस्ताक्षर कॉलम भी खाली मिले थे, जिससे यह भी स्पष्ट हुआ कि कई डॉक्टर बिना अनुमति के ड्यूटी से अनुपस्थित थे। इस मामले में आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष भगवानसिंह लाबराऊ ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर पूछा है कि क्या दोषी डॉक्टरों के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई? यदि की गई है, तो उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। यदि कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो इसका कारण स्पष्ट किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि दोषी चिकित्सकों के खिलाफ ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो इस मामले को लोकायुक्त सचिवालय में भेजकर जांच की मांग की जाएगी। स्थानीय जनता में इस मुद्दे को लेकर भारी नाराजगी है। नागरिकों का कहना है कि सरकारी अस्पताल में सुविधाओं की कमी और डॉक्टरों की गैरहाजिरी के कारण गरीब मरीजों को महंगे निजी अस्पतालों में जाने पर मजबूर होना पड़ता है। अब देखना यह होगा कि जिला कलेक्टर इस मामले में कब तक कोई ठोस कदम उठाती हैं, या फिर जनता को लोकायुक्त से जांच करवाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

# गहलोत एमएस जनरल सर्जन बनने पर अभिनंदन किया



♦भारत टाइम्स♦

**बोरुंदा/सोहनलाल वैष्णव।** राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय जयपुर द्वारा एमएस जनरल सर्जरी मैन एग्जाम 2025 आयोजित हुआ। इस एग्जाम को डॉ. कौशल्या पत्नी सम्पतराज गहलोत बोरुंदा ने जनवरी में उत्तीर्ण करते हुए एमएस जनरल सर्जरी डिग्री प्राप्त कर गांव व माली समाज का नाम रोशन किया। एमएस जनरल सर्जन बनने पर पीपाड़ उप प्रधान प्रेमा गहलोत, पूर्व सरपंच नरेंद्रदान देथा, नरसिंह राम गहलोत, कानाराम सांखला, शिक्षाविद अशोक गहलोत, जगदीश गहलोत, रणवीर गहलोत, अशोक डोसी, नेमीचंद गहलोत, नरपत राम, नरेश सांखला, धमीर्चंद गहलोत, कैलाशसिंह गहलोत, रिकबचंद कोठारी, अभिषेक सांखला, राजेंद्र टाक, ताराचंद भंवरिया, रिंकू टाक, नन्द किशोर टाक व दुगार्राम सुथार तथा गोविंदराम सहित कई ग्रामीणों व परिजनों ने बधाई देते हुए अभिनंदन किया।

# भारती हॉस्पिटल के डॉक्टर्स ने तत्काल ईलाज की बदौलत बचाई एक सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति की जान और एक भूलवश जहरीला पदार्थ पीने वाली महिला की जान



♦भारत टाइम्स♦

**फिरोज खान सिरोही।** रेवदर भारती हॉस्पिटल एवम् सोनोग्राफी सेंटर ना केवल नॉर्मल डिलीवरी के लिए प्रसिद्ध है। बल्कि सांप बिच्छू व अन्य जहरीले जीवों के काटने पर सफल इलाज के लिए भी प्रसिद्ध है ।इसके अलावा कभी भी कोई इमरजेंसी हो इसके लिए 24 घंटे चिकित्सक हाजिर मिलते है इसी के चलते वरमान (रेवदर) निवासी लासी देवी पत्नी माधा राम कोली ने भूलवश जहरीला पदार्थ पी लिया, परिजन आधीरात बाद अर्ध मुर्शित हालत में लाए भारती अस्पताल जहाँ मौजूद चिकित्सकों द्वारा तत्काल इलाज कर बचाईं गरीब महिला की जान इसी तरह * चंपा राम पुत्र हरिराम कोली निवासी वोती (रेवदर)* को अंधेरे में अनजाने से एक जहरीले सांप ने डस लिया जिसकी वजह से युवक वही अचेत हो गया परिजनों की सहायता से युवक को रेवदर स्थित भारती हॉस्पिटल लाया गया जहा तुरंत उपचार शुरू कर युवक की जान बचाई. **भारती हॉस्पिटल की पहचान-** इसके अलावा अस्पताल प्रशासन समय समय पर क्षेत्र की जनता के लिए विशेष कैम्प की सुविधा भी प्रदान करता है जैसे कान नाक गला रोग, चर्म व गुप्त रोग, निःसंतान दंपति,दंत रोग, हड्डी रोग, ह्रदय रोग, मस्सा, भगंदर व सर्जन की सुविधा भी उपलब्ध करवाता है।

# राजस्थान गौरव रत्न अवार्ड 2025 से आज होंगे सम्मानित सोजत सिटी के डॉ. महेश सोनी

## राज्य की राजधानी गुलाबी नगरी जयपुर में आज होगें डॉ. महेश सोनी सम्मानित



♦भारत टाइम्स♦

सोजत सिटी - एस रंधावा राज प्रोडक्शन व आईबीसीसी हेल्पिंग हैंड सामाजिक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में 2 मार्च को राजस्थान गौरव रत्न सम्मान समारोह 2025 सीजन 3 का आयोजन किया जाएगा।समाज सेविका आयोजक शिंपी रंधावा और डॉ. सुनीता ग्रेवाल ने बताया कि देशभर की 51 प्रतिभाओं को इस कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। आयोजक शिंपी रंधावा और डॉ. सुनीता ग्रेवाल ने बताया कि ये प्रतिभाएं अलग अलग क्षेत्रों में अपनी एक अलग पहचान बनाकर भारत व राजस्थान का नाम विदेशों में भी रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य महाराज व शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी होंगे। इस दौरान पाली जिला के सोजत सिटी के जाने-माने भामाशाह व समाजसेवी व मानवाधिकार परिषद भारत राजस्थान प्रदेश सह सचिव व सोजत मेहंदी नगरी के युवा रत्न व राजस्थान इंडियन स्टार डॉ. महेश सोनी को भामाशाह व समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर व अपना जीवन समाज सेवा में समर्पित करने पर व हर समय समाज सेवा में आगे रहने पर सोजत सिटी के समाजसेवी डॉ. महेश सोनी को ( 2 मार्च को राज्य की राजधानी गुलाबी नगरी जयपुर में 2 मार्च को सफारी होटल जयपुर में आयोजित समारोह में राजस्थान गौरव रत्न अवार्ड 2025 ) से डॉ. महेश सोनी को जयपुर में सम्मानित किया जाएगा।



# पाकिस्तान की भांति बबार्दी की ओर बढ़ता बांग्लादेश



बांग्लादेश भारत की सदाशयता एवं उदारता के बावजूद टकराव के मूड में नजर आ रहा है, उसका अल्पसंख्यक हिन्दुओं की सुरक्षा को लेकर भी ऐसा ही रवैया है, जिस बारे में वह भले ही अब दलील दे रहा है कि हालिया बांग्लादेश में हिन्दुओं से जुड़ी हिंसक घटनाएं सांप्रदायिक नहीं बल्कि राजनीतिक कार   ों से हुई हैं।

कहते है कि जब गीदड़ की मौत आती है तो वह शहर की तरफ भागता है भले ही यह एक मुहावरा है लेकिन बांग्लादेश पर खरा उतर रहा है, इसका मतलब है कि बांग्लादेश मुसीबत रूपी पाकिस्तान से दोस्ती बढ़ा रहा है। 30 लाख बांग्लादेशी लोगों की हत्या करने वाला पाकिस्तान अब दोस्त बन गया है और हर तरह से मदद करने वाला भारत दुश्मन। बांग्लादेश और पाकिस्तान की बढती नजदीकियां, बांग्लादेश का भारत विरोध और पाकिस्तान प्रेम इस मुल्क पर भारी पड़ सकता है और भारी पड़ रहा है। भले ही 54 सालों में पहली बार बांग्लादेश और पाकिस्तान सीधा कारोबार शुरू हुआ है। देखने वाली बात यह भी है कि पाकिस्तान और भारत के बीच संबंध सामान्य नहीं हैं और व्यापार ठप्प है। ऐसे में इसका असर भारत पर नहीं पाकिस्तान पर जरूर पड़ा है और वहां की जनता त्राहि- त्राहि कर रही है। बांग्लादेश के लिए भारत जो मायने रखता है, उसकी भरपाई पाकिस्तान तो कतई नहीं कर सकता है। जिस बांग्लादेश को पाकिस्तानी क्रूरता से मुक्त कराकर एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत ने तमाम कुर्बानियों के बाद जन्म दिया, उसका भारत-विरोधी रवैया दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, बल्कि विडम्बनापूर्ण कहा जाएगा। भारत से पंगा बांग्लादेश को महंगा पड़ेगा। अब अगर बांग्लादेश ने तय ही कर लिया है कि भारत से संबंध खराब करने की हर कीमत चुकाने के लिए तैयार है तो कुछ भी कहना बेमानी है। जब बांग्लादेश ने पाकिस्तान की राह पर चलने की ठान ही ली है, तो उनके दुष्परिणाम भी उसे ही भुगतने होंगे। बांग्लादेश के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं, आम जनता पर दुःखों, परेशानियों एवं समस्याओं के पहाड़ टूटने लगे हैं। वहां जैसी आंतरिक गुटबाजी, प्रशासनिक शिथिलताएं, अराजकताएं और अव्यवस्थाएं बढ़ रही हैं, उसे देखते हुए सेना प्रमुख जनरल वकार उज-जमां ने सेना की भूमिका बढ़ाने की बात कही है। उनका संकेत साफ है, यदि अंतरिम सरकार हालात को संभाल पाने में नाकाम रहती है, तो सेना मोर्चा संभालने को तैयार है। दरअसल, शेख हसीना की विदाई के साथ वहां जिस तरह से राजनीतिक अस्थिरता एवं अराजकता बढ़ी है, उसका नुकसान पूरे



देश को हो रहा है। न सिर्फ निवेश पर प्रभाव पड़ा है, विदेशी संबंध भी चरमरा रहे हैं, आर्थिक गिरावट तेजी से बढ़ रही है। भारत जैसे देश के साथ सामान्य व्यापार और ढांचागत विकास संबंधी योजनाओं में भी रुकावटें पैदा हुई हैं। बांग्लादेश भारत की सदाशयता एवं उदारता के बावजूद टकराव के मूड में नजर आ रहा है, उसका अल्पसंख्यक हिन्दुओं की सुरक्षा को लेकर भी ऐसा ही रवैया है, जिस बारे में वह भले ही अब दलील दे रहा है कि हालिया बांग्लादेश में हिन्दुओं से जुड़ी हिंसक घटनाएं सांप्रदायिक नहीं बल्कि राजनीतिक कारणों से हुई हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दोनों देशों के संबंध बिगाड़ने में पर्दे के पीछे पाकिस्तान की भूमिका साफ है। बांग्लादेश से हाल ही में आई रिपोर्ट चिंताजनक हैं। चल रहे राजनीतिक संकट और राज्य पुलिस की गिरावट ने अल्पसंख्यक समुदायों, खासकर हिंदुओं पर लक्षित हमलों के लिए अनुकूल स्थिति पैदा कर दी है। 1947 से, हिंदू आबादी 30 प्रतिशत से घटकर 9 प्रतिशत से भी कम हो गई है। शेख हसीना की सरकार के पतन के बाद से स्थिति और खराब हो गई है, जो 2009 से सत्ता में थी। यह संकट पूर्वी पाकिस्तान और आधुनिक बांग्लादेश में हिंदुओं के प्रत्यक्ष और गुप्त नरसंहार के लंबे इतिहास को दर्शाता है। मंदिरों और पवित्र स्थलों पर 200 से अधिक कथित हमलों सहित वर्तमान हिंसा एक बड़े, निरंतर कट्टरतावादी अभियान का हिस्सा है। हालिया संकट, जो जुलाई 2024 में कथित छात्रों के विरोध प्रदर्शन से शुरू हुआ था, उसकी गहरी ऐतिहासिक जड़ें हैं और यह दशकों से बढ़ते मुस्लिम कट्टता से जुड़े तनावों को दशार्ता है। भारत प्रारंभ से बांग्लादेश का सहयोगी एवं हितैषी रहा है, इसी कारण उसने पिछले डेढ़ दशकों में जो आर्थिक तरक्की हासिल की, छह फीसदी से अधिक दर से जीडीपी को बढ़ाया और 2026 तक विकासशील देशों के समूह में शामिल होने का सपना देखा, उन सब पर मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार संकीर्णतावादी एवं दुराग्रही सोच के कारण काली छाया मंडराने लगी है। आज कानून-व्यवस्था के सामने समस्या पैदा हो गई है, बांग्ला राष्ट्रवाद की वकालत करने वालों पर खतरा मंडरा रहा है, प्रगतिशील मुस्लिमों एवं अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे हैं और बंगबंधु व मुक्ति संग्राम के इतिहास को मिटाने का प्रयास हो रहा है। बांग्लादेश की यह गति इसलिए हुई है, क्योंकि मोहम्मद यूनुस सरकार आम जन की अपेक्षाओं के अनुरूप चुनौतियों से लड़ पाने में नाकाम हो रही है और भारत से टकराव मोल लेने को तैयार बैठे बांग्लादेश के ऐसे हुक्मरान विवाद के नये-नये मुद्दे तलाश रहे हैं एवं दोनों देशों के आपसी संबंधों को नेस्तनाबूंद कर रहे हैं। आज वहां सांविधानिक, राजनीतिक वैधता का संकट तो गहराया ही है लेकिन लोकतांत्रिक मूल्य भी धुंधला रहे हैं। मोहम्मद यूनुस को बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और अवामी लीग जैसी पार्टियों ने कभी पसंद नहीं किया और अब आमजनता का भी पूरा साथ उनको नहीं मिल रहा है। स्टूडेंट अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन के बैनर तले छात्रों ने अपना आंदोलन शुरू किया और शेख हसीना के तख्तापलट की वजह भी बना, तब उनकी मुख्य मांगों में रोजगार प्रमुख रहा, मगर यूनुस सरकार अब इस मोर्चे पर भी फिसड्डी साबित हुई है। उनकी कट्टरपंथी सोच और जिन्ना को राष्ट्रपिता बनाने जैसी पहल को देख उदारवादी छात्र खुद को छला हुआ महसूस करने लगे हैं, इस कारण विश्वविद्यालयों में हिंसा रूकने का नाम नहीं ले रही है। मोहम्मद यूनुस की अपरिपक्व राजनीतिक सोच एवं कट्टरवादी सोच के कारण ही बांग्लादेश ने भारत से दूरियां बढ़ाई है। रस्सी जल गयी पर ऐंठन नहीं गयी की स्थिति में यूनुस भूल गये कि अभी भारत में नरेन्द्र मोदी जैसे कद्दावर एवं सूझबूझ वाले विश्वनेता का शासन है, भारत से दुश्मनी कितनी भारी पड़ सकती है, पाकिस्तान की दुर्दशा से समझा जा सकता है। पाकिस्तान भारत विरोधी अभियान को लेकर बांग्लादेश पहुंचा है। मान न मान, मैं तेरा मेहमान वाली स्थिति में अस्थिर बांग्लादेश में चीन एवं पाकिस्तान जैसी तमाम बाहरी ताकतें दखल देने की इच्छुक हैं। इससे दोनों देश बांग्लादेश की जमीन से भारत को घेरना चाहते हैं, बांग्लादेश भी इन षडयंत्रकारी देशों की गिरफ्त में आ गया है और वह भारत विरोध को तीक्ष्ण करने में जुट गया है। भारत अपनी सीमाओं को अभेद्य बना रहा है तो बांग्लादेश समझौते के बावजूद बाधाएं डाल रहा है। सीमाओं के खुले रहने से बांग्लादेश से लगातार अवैध घुसपैठ, हथियारों की तस्करी, ड्रग स्मगलिंग, नकली नोटों का कारोबार और आतंकवादी गतिविधियां लगातार हो रही हैं। विशेषतः पाकिस्तान अब अपनी आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिये बांग्लादेश का उपयोग कर रहा है। दरअसल, बांग्लादेश की युनूस सरकार पाकिस्तान के इशारों पर पुराने मुद्दे उछाल कर विवाद को हवा दे रही है। निश्चित ही पाक से उसकी बढ़ती नजदीकियां के चलते ही बांग्लादेश में पाक सेना के अधिकारियों की सक्रियता देखी गई है। यूनुस सरकार ने भारत विरोधी तत्वों को न केवल हवा दी है बल्कि उनको उग्र कर दिया है। भारत की उदारता को बांग्लादेश हमारी कमजोरी न मान ले, इसलिए उसे बताना जरूरी है कि भारत से टकराव की कीमत उसे भविष्य में चुकानी पड़ सकती है। यह भी कि संबंधों में यह कसैलापन, दौगलापन एवं टकराव लंबे समय तक नहीं चल सकता। उसकी यह कटुता उसके लिये ही कालांतर में घातक एवं विनाशकारी साबित हो सकती है। वैसे इसके संकेत मिलने शुरू हो गये हैं। यह विडंबना ही है कि नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस से क्षेत्र में शांति व सद्भाव की जो उम्मीदें थी, उसमें उन्होंने मुस्लिम कट्टरपंथ को आगे करके निराश ही किया है। उनकी सरकार लगातार विघटनकारी, अड़ियल व बदमिजाजी का रुख अपनाए हुए है, लेकिन अब राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका भी भारत के साथ बांग्लादेश में सकारात्मक भूमिका निभाने का संकेत दे चुका है। यह दक्षिण एशिया की शांति व समृद्धि के लिए बहुत जरूरी है।

# रुस का साथ बना भारत के लिए वरदान

देश को आजादी मिले हुए अभी दस वर्ष भी नहीं हुए थे, और हम अपने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को खो चुके थे। परंतु अब हम बर्तनिया हुकूमत के अंदर कोई डोमिनियन स्टेट नहीं थे, वरन एक सार्वभौम राष्ट्र थे। बहुत से लोगों के मन में यह शंका होगी कि क्या फर्क होता है इन दोनों स्थितियों में? तो समझें कि कनाडा और आस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड बररतानिया यानि की ब्रिटिश सिंहासन के औपचारिक अधीनता मंजूर करते हैं। इसका अर्थ यह हुआ की इनके गवर्नर जनरल की औपचारिक नियुक्ति बर्किंघम पैलेस से घोषित होती है, वैसे ये सभी राष्ट्र भी गणराज्य है अर्थात देश के सर्वोच्च पद पर कोई भी नागरिक आसीन हो सकता हैं। यद्यपि ये देश भी राष्ट्रकुल यानि कामनवेल्थ के सदस्य हैं। परंतु भारत के राष्ट्रपति का चुनाव हम अपने संविधान के अंतर्गत करते हैं।

यह तो थी कानूनी बारीकी, अब आइए लौटकर बीसवी सदी के छठे दशक मे चलते हैं। बड़े -बड़े बांधों ने देश के किसानों को जरूरत भर का सिंचाई का जल सुलभ कर दिया था। कुछ छोटे -मोटे कारखाने भी अब शुरू हो रहे थे। पटसन उद्योग अब गांव- गांव मे रस्सी बनाने के साथ नारियल के पेड़ों से निकली मुंज की रस्सी भी नौकायन उद्योग के काम आने लगी थी। अब देश की विकास की भूख बड़ रही थी। विकसित राष्ट्र बनने के लिए स्टील और बिजली बहुत जरूरी थे। जिनके लिए प्रशिक्षित लोग और कल-



कारखाने के लिए अनवरत बिजली की जरूरत थी, परंतु उस समय ब्रिटेन, अमेरिका आदि स्टील के कारखाने और बिजली घर देने को राजी नहीं थे। ऐसे मे पंडित नेहरू की गुट निरपेक्ष और पंचशील ही काम आए। सोवियत रूस ने आगे आकर नव स्वतंत्रता पाए भारत की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाया और इस प्रकार भारत को पहला स्टील प्लांट भिलाई मिला। अब स्टील को बनाने मे बिजली की खपत बहुत ज्यादा होती है , इसलिए बिजली का एक छोटा प्लांट भी आया, परंतु देश को ताप बिजली यानि थर्मल विद्युत की जरूरत हुई। पनबिजली का उत्पादन बारह मास और चौबीस घंटे नहीं हो सकता हैं परंतु स्टील के उत्पादन के लिए लगातार और अधिक बिजली की जरूरत होती है। इसके लिए सोवियत रूस ने ओबरा और पत्र टूर में तापबिजली घर प्लांट डालर के विनिमय पर नहीं वरन रुपये के विनिमय के तहत दिया। इसका अर्थ यह था कि भारत सोवियुत रूस को जो सामान बेचेगा उसका मूल्य रुपये में दिया जाएगा। जिससे रूस अपने कर्ज की भरपाई करेगा। जब दुनिया मे राष्ट्रों के बीच व्यापार ब्रिटिश पाउंड या अमेरिकी डालर मे हो रहा था तब ऐसे नव स्वतंत्रता पाए भारत को यह सुविधा बहूत्त बड़ा वरदान साबित हुआ।

## संपादकीय

# 15 साल पुराने वाहनों को अब नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल, नोट कर ले तारीख


दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार ने वाहनों को लेकर शनिवार को बड़ा फैसला लिया। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि 31 मार्च के बाद दिल्ली के पेट्रोल पंपों पर 15 साल से ज्यादा पुराने वाहनों को ईंधन नहीं दिया जाएगा। सिरसा ने कहा कि हम अपने पेट्रोल पंप के ऊपर ऐसे गैजेट्स लगा रहे हैं जो 15 साल पुराने वाहनों की पहचान करेंगे और उसको कोई भी फ्यूल नहीं मिलेगा। आज ही हमारी सरकार इसकी जानकारी पेट्रोलियम मिनिस्ट्री के माध्यम से देगी। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने मीडिया से बातचीत में कहा, ह्यअब कोई भी पेट्रोल पंप का मालिक 15 साल पुराने वाहन को डीजल-पेट्रोल नहीं देगा। दूसरा यह है कि 15 साल पुराने जितने भी वाहन है, उनकी पहचान करने के लिए हम एक टीम बना रहे हैं। यह टीम दिल्ली से ऐसे वाहनों को बाहर निकालने के लिए भी काम कर रही है। दिल्ली यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स को हम प्लांटेशन ड्राइव में जोड़ने के लिए भी काम कर रहे हैं। एंटी-स्मॉग गन लगाना अनिवार्य करने जा रहे- सिरसा सिरसा ने कहा, दिल्ली में कुछ बड़े होटल हैं, कुछ बड़े ऑफिस कॉम्प्लेक्स हैं, दिल्ली एयरपोर्ट है, बड़ी कंस्ट्रक्शन साइट्स हैं। हम इन सभी के लिए तुरंत अपने यहां प्रदूषण को कंट्रोल करने के लिए एंटी-स्मॉग गन लगाना अनिवार्य करने जा रहे हैं। हम दिल्ली की सभी ऊंची इमारतों के लिए स्मॉग गन लगाना अनिवार्य करने जा रहे हैं। हम दिल्ली के सभी होटलों के लिए स्मॉग गन लगाना अनिवार्य करने जा रहे हैं। इसी तरह, हम सभी कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के लिए इसे अनिवार्य करने जा रहे



हैं। हमने आज फैसला किया है कि क्लाउड सीडिंग के लिए हमें जो भी अनुमति चाहिए, हम लेंगे और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि जब दिल्ली में गंभीर प्रदूषण हो, तो क्लाउड सीडिंग के जरिए बारिश कराई जा सके और प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके। सिरसा ने कहा कि हमने आज फैसला लिया है कि क्लाउड सीडिंग के लिए हमें जो भी इजाजत चाहिए, हम लेंगे और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि जब दिल्ली में गंभीर प्रदूषण हो, तो क्लाउड सीडिंग के माध्यम से बारिश कराई जा सके और प्रदूषण को कंट्रोल किया जा सके। इसके अलावा उन्होंने कहा कि दिल्ली में लगभग 90 फीसदी सार्वजनिक सीएनजी बसों को दिसंबर 2025 तक हटा दिया जाएगा और उनकी जगह इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी, जो सरकार के स्वच्छ और टिकाऊ सार्वजनिक परिवहन की दिशा में उठाए गए कदम का हिस्सा है।

## आस्था...

### 2 मार्च को रखा जाएगा पहला रोजा, भारत में आज दिख सकता है रमजान का चांद...



लखनऊ के शाही इमाम मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने घोषणा की है कि रमजान का पहला दिन 2 मार्च 2025 को मनाया जाएगा। जानें शहर के अनुसार सहरी और इफ्तार का सही समय मुस्लिम समुदाय का सबसे पाक माह भारत में 2 मार्च से आरंभ होने वाला है, क्योंकि 28 फरवरी को चांद नहीं नजर आया। इसलिए मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष और लखनऊ के शाही इमाम मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने घोषणा की है कि 28 फरवरी यानी 29 शाबान 1446 हिजरी को रमजान का चांद नहीं देखा गया। इसलिए रमजान का पहला दिन 2 मार्च 2025 को होगा और इसी दिन से पहला रोजा रखा जाएगा। बता दें कि रमजान इस्लामिक कैलेंडर का नौवां महीना है। इसके अलावा शब-ए-बारात से 14वें दिन से रमजान शुरू हो जाते हैं। रमजान का महीना चांद दिखने के साथ आरंभ होता है। आइए जानते हैं लखनऊ, दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद सहित अन्य शहरों में कब समय होगा सहरी और इफ्तार इस्लामिक फाइंडर की ऑफिशियल वेबसाइट में भारत के हर शहर के सहरी और इफ्तार का समय बताया गया है।

## आज का राशिफल

### मेष: चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।

**मेष:** बाहर घूमना-फिरना, पार्टी और मौज-मस्ती आपको अच्छे मूड में रखेंगे। नौकरी पेशा से जुड़े लोगों को आज धन की बहुत आवश्यकता पड़ेगी लेकिन बीते दिनों में किये गये फिजुलखर्च के कारण उनके पास पर्याप्त धन नहीं होगा। नाती-पोतों से आज काफी खुशी मिल सकती है। आपके प्रिय का प्यारा बर्ताव आपको खास होने का अनुभव कराएगा; इन लम्हों का पूरा लुत्फ उठाएँ। खाली वक्त का आज आप सदुपयोग करेंगे और उन कामों को पूरा करने की कोशिश करेंगे जो बीते दिनों पूरे नहीं हो पाए थे।

### वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो ।

**वृषभ:** शाम का वक़्त अपने जीवनसाथी के साथ किसी फिल्म, थिएटर या रेस्टोरेंट में बिताना आपको सुकून देगा और आपका मन तरोताजा रखेगा। बीते दिनों में जितना धन आपने आज को बेहतर बनाने के लिए इनवेस्ट किया था उसका फायदा आज आपको फायदा मिल सकता है। रिश्तेदारों से सहयोग मिलेगा और दिमागी बोझ से छुटकारा मिलेगा। आज वे कपड़े न पहनें जो आपके प्रिय को पसंद न हों, नहीं तो मुमकिन है कि वो आहत महसूस करे। चिट्ठी-पत्री में सावधानी बरतने की जरूरत है। जीवनसाथी के किसी अचानक काम की वजह से आपकी योजनाएँ बिगड़ सकती हैं।

### मिथुन: क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा ।

**मिथुन:** आपका ऊर्जा-स्तर ऊँचा रहेगा। रियल एस्टेट सम्बन्धी निवेश आपको अच्छा-खासा मुनाफा देंगे। किसी दूर के रिश्तेदार से अचानक मिली खबर आपका दिन बना सकती है। आपको पहली नजर में किसी से प्यार हो सकता है। आज आप सब कामों को छोड़कर उन कामों को करना पसंद करेंगे जिन्हें आप बचपन के दिनों में करना पसंद करते थे। आप अपने जीवन की कुछ यादगार शामों में से एक आज अपने जीवनसाथी के साथ बिता सकते हैं। आपके दिन की शुरूआत शानदार रहेगी और इसलिए आज पूरे दिन आप ऊजार्वान महसूस करेंगे।

### कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।

**कर्क:** सफलता करीब होने के बावजूद आपकी ऊर्जा के स्तर में गिरावट आएगी। आपका बचाया धन आज आपके काम आ सकता लेकिन इसके साथ ही इसके जाने का आपको दुख भी होगा। घरेलू काम-काज निपटाने में बच्चे मदद करेंगे। खाली वक़्त में उन्हें ऐसे काम करने के लिए उत्साहित करें। इकतरफा प्यार आपके लिए काफी खतरनाक साबित होगा। जो चीजें आपके लिए आवश्यक नहीं हैं उनपर आज अपना अधिकतर समय आप जाया कर सकते हैं। आपको अपने जीवनसाथी का सख़्त और रुखा पहलू देखने को मिल सकता है।

### सिहं: मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे ।

**सिंह:** छोटी-छोटी चीजों को खुद के लिए परेशानी का सबब न बनने दें। करीबी रिश्तेदारों के घर जाना आज आपकी आर्थिक स्थिति को बिगाड़ सकता है। घरेलू मामलों पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है। अपने प्रिय के बिना समय बिताने में दिक़्क़त महसूस करेंगे। अगर आज आप खरीदारी के लिए निकलते हैं, तो कोई अच्छी पोशाक ले सकते हैं। आपके लिए यह खूबसूरत रोमानी दिन रहेगा, लेकिन सेहत को लेकर थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आज आप किसी दोस्त या करीबी रिश्तेदार से अपने दिल के गम साझा कर सकते हैं।

### कन्या: टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।

**कन्या:** आज आप खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं, जो आपको तन्दुरुस्त बनाए रखेगा। यात्रा आपको थकान और तनाव देगी- लेकिन आर्थिक तौर पर फायदेमंद साबित होगी। दिन के उत्तरार्ध में अचानक आई कोई अच्छी खबर पूरे परिवार को खुशी देगी। आपका प्रिय को आपसे भरोसे और वादे की जरूरत है। घर के कामों को पूरा करने के बाद इस राशि की गृहणियां आज के दिन फुर्सत में टीवी या मोबाइल पर कोई मूवी देख सकती हैं। आज आप अपने जीवनसाथी से काफी आत्मीय बातचीत कर सकते हैं। गजब का दिन है फिल्म, पार्टी और दोस्तों के साथ घूमना-फिरना मुमकिन है।

### तुला: रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते ।

**तुला:** बच्चे आपके मुताबिक नहीं चलेंगे, जो आपके झुंझलाहट की वजह बन सकता है। आपको खुद पर नियंत्रण रखना चाहिए, क्योंकि नाराजगी सभी के लिए नुकसानदेह है और यह सोचने-समझने की ताकत को खत्म कर देती है। इससे सिर्फ मुश्किल बढ़ती है। आज के दिन आपको अपने उन दोस्तों से बचकर रहने की जरुरत है जो आपसे उधार मांगते हैं और फिर उसे लौटाते नहीं हैं। आपका ज्ञान और हास-परिहास आपके चारों ओर लोगों को प्रभावित करेगा। आपका प्यार न सिर्फ.परवान चढ़ेगा, बल्कि नई ऊँचाइयों को भी छूएगा।

### वृश्चिक: तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।

**वृश्चिक:** ध्यान से सुकून मिलेगा। बिना किसी की मदद के भी आप धन कमा पाने में सक्षम हो सकते हैं बस आपको खुद पर विश्वास करने की जरुरत है। व्यक्तिगत मामलों को सुलझाते समय उदारता दिखाएँ, लेकिन अपनी जुबान पर काबू रखें ताकि उन्हें चोट न पहुँचे जो आपसे प्यार करते हैं और आपकी परवाह करते हैं। सिर्फ स्पष्ट समझ के माध्यम से आप अपनी पत्नी/पति को भावनात्मक सहारा दे सकते हैं। आपका संगी आपसे सिर्फ कुछ समय चाहता है लेकिन आप उनको समय नहीं दे पाते जिससे वो खिन्न हो जाते हैं।

### धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे ।

**धनु:** बच्चों के साथ खेलना बहुत अच्छा और सुकून देने वाला अनुभव रहेगा। आज आपके ऑफिस का कोई सहकर्मी आपकी कीमती वस्तु चुरा सकता है इसलिए आज आपको अपना सामान ध्यान से रखने की जरुरत है। कुछ लोगों के लिए- परिवार में किसी नए का आना जश्न और उल्लास के पल लेकर आएगा। सोशल मीडिआ पर अपने प्रिय के पिछले 2-3 संदेश देखिए, आपको एक खूबसूरत ताज्जुब का एहसास होगा। जो लोग घर से बाहर रहते हैं आज वो अपने सारे काम पूरे करके शाम के समय किसी पार्क या एकांत जगह पर समय बिताना पसंद करेंगे।

### मकर: भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी ।

**मकर:** अपने ऊर्जा-स्तर को फिर से बढ़ाने के लिए पूरा आराम करें, क्योंकि थका हुआ शरीर दिमाग को भी थका देता है। आपको अपनी असली क्षमताओं को पहचानने की जरूरत है, क्योंकि आपमें क्षमता की नहीं बल्कि इच्छा-शक्ति की कमी है। अचानक आए खर्चे आर्थिक बोझ बढ़ा सकते हैं। दोस्तों का साथ राहत देगा। रोमांटिक मनोभावों में अचानक आया बदलाव आपको काफी खिन्न कर सकता है। आज खाली वक्त का सही उपयोग करने के लिए आप अपने पुराने मित्रों से मिलने का प्लान बना सकते हैं। जीवनसाथी की खराब सेहत के चलते आप चिंताग्रस्त हो सकते हैं।

### कुंभ: गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा ।

**कुंभ:** आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। कई लोग आपकी खासी तारीफ कर सकते हैं। अगर आपका धन से जुड़ा कोई मामला कोर्ट-कचहरी में अटका था तो आज उसमें आपको विजय मिल सकती है और आपको धन लाभ हो सकता है। आपके बच्चे के पुरुस्कार वितरण समारोह का बुलावा आपके लिए खुशनुमा एहसास रहेगा। वह आपकी उम्मीदों पर खरा उतरेगा और आप उसके जरिए अपने सपने साकार होते हुए देखेंगे। रोमांस आपके दिल पर काबिज है। समय का पहिया बहुत तेजी से चलता है इसलिए आज से ही अपने कीमती समय का सही इस्तेमाल करना सीख लें।

### मीन: दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची ।

**मीन:** बाहर घूमना-फिरना, पार्टी और मौज-मस्ती आपको अच्छे मूड में रखेंगे। नौकरी पेशा से जुड़े लोगों को आज धन की बहुत आवश्यकता पड़ेगी लेकिन बीते दिनों में किये गये फिजुलखर्च के कारण उनके पास पर्याप्त धन नहीं होगा। नाती-पोतों से आज काफी खुशी मिल सकती है। आपके प्रिय का प्यारा बर्ताव आपको खास होने का अनुभव कराएगा; इन लम्हों का पूरा लुत्फ उठाएँ। खाली वक्त का आज आप सदुपयोग करेंगे और उन कामों को पूरा करने की कोशिश करेंगे जो बीते दिनों पूरे नहीं हो पाए थे।



# सेहत के लिहाज से काफी फायदेमंद है नारियल पानी

**नारियल पानी अधिकतर लोगों को पसंद आता है। लेकिन ये सिर्फ स्वादिष्ट ही नहीं बल्कि सेहत के लिहाज से भी काफी फायदेमंद है। दरअसल, इसमें शरीर के लिए फायदेमंद कई तरह के विटामिन्स, मिनरल्स और इलेक्ट्रोलाइट पाए जाते हैं। जो आपको कई सेहत लाभ देते है। तो आइए जानते हैं नारियल पानी से क्या-क्या फायदे मिलते हैं.**

- नारियल पानी का सेवन लिवर के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। नारियल पानी में एंटी-ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। जो लिवर में कई तरह के विषाक्त पदार्थों की गतिविधि को कम करते हैं। इसका सेवन करना लिवर के लिए काफी लाभकारी होता है।
- पेट के लिए नारियल पानी बेहद फायदेमंद है। इसके सेवन से पेट दर्द, एसिडिटी, अल्सर में थोड़ा-थोड़ा नारियल पानी पीने से आराम मिलता है।
- ऊर्जावान रहने के लिए नारियल पानी काफी अच्छा होता है। इसके सेवन से कमजोरी, थकान, चक्कर आने जैसी समस्याओं में इसको पीने से तत्काल लाभ प्राप्त होता है।
- नारियल पानी हृदय रोग का जोखिम कम करने का काम करता है। इसके सेवन से खराब कोलेस्ट्रॉल कम होता है।
- वजन कम करना चाहते है, तो नारियल पानी आपकी बहुत मदद करेगा। यह कैलोरी में कम और पचाने में आसान होता है। इसमें कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो वजन और मोटापा कम करने में मददगार हैं।
- त्वचा में ग्लो और स्किन बिलकुल क्लिन रखना चाहते है तो नारियल पानी आपको नियमित रूप से पीना चाहिए। यदि चेहरे पर मुहांसे और दाग धब्बों की समस्या बढ़ गई है ,तो नारियल पानी का सेवन आपकी सारी समस्या को दूर करेगा।







# बेल का जूस पीने से सुराही जैसा ठंडा रहेगा पेट

**गर्मी में बेल का रस जरूर पीना चाहिए। ये समर ड्रिंक शरीर को चिलचिलाती धूप से बचाने और हाइड्रेट करने का काम करती है। आइए इस फल का शरबत पीने के फायदे जानते हैं।**

गर्मी में चिलचिलाती धूप से बचना बहुत जरूरी है। यह शरीर में पानी की कमी, कब्ज, पेट में जलन, सीने में जलन जैसी दिक्कतें कर सकती है। इन समस्याओं को दूर रखने के लिए गर्मी में बेल का जूस पीना चाहिए। यह समर ड्रिंक बेहद हेल्दी होती है। बेल फ्रूट को बिल्व भी कहा जाता है, जो मूल रूप से भारत में पैदा होता है। यह फल पेट की गर्मी दूर करने का रामबाण इलाज है। आप इसका शरबत पीकर पेट को ठंडक दे सकते हैं। आयुर्वेद एक्सपर्ट डॉ. अबरार मुल्तानी ने बेल शरबत के फायदों के बारे में बताया है। बेल फल काफी पौष्टिक होता है। इसमें प्रोटीन, पानी, फाइबर, कैल्शियम, पोटैशियम, विटामिन बी1, विटामिन बी2, विटामिन सी की अच्छी मात्रा मिल जाती है। इसका गूदा पेट और पाचन के लिए बेहतरीन माना जाता है।

## गर्मी की बेस्ट ड्रिंक

डॉ. बेल जूस के बेनिफिट बताते हुए इसे गर्मी के लिए बेस्ट ड्रिंक कहते हैं। इसके रस में ठंडा, ताजगी, पोषण, लैक्सेटिव आदि गुण होते हैं। जो इसे धूप के मौसम के लिए टॉनिक बनाते हैं।

## खुल जाएंगी आंतें

पाचन खराब होने पर आंतों का संकुचन कम हो जाता है, जो कि कब्ज बनाता है। गर्मी में डिहाइड्रेशन इस समस्या को गंभीर बना सकती है। मगर बिल्व रस पानी की पूर्ति करके आंतों को रिलैक्स करता है और संकुचन सामान्य करने में मदद करता है।

## हड्डियों की मजबूती बढ़ाता है

पेट के अलावा बेल फल का जूस हड्डियों के लिए फायदेमंद है। इसमें कैल्शियम का लेवल शारीरिक ढांचें को मजबूत बनाए रखने में मदद करता है। यह ड्रिंक तुरंत एनर्जी देने के लिए भी जानी जाती है।

## बढ़ जाएगा खून


बेल के जूस में विटामिन बी2 होता है, जो शारीरिक विकास में मदद करता है। ये पौष्टिक गुण रेड ब्लड सेल्स के उत्पादन में मददगार होता है। जिससे खून की कमी दूर होती है।

# गर्मी में रामबाण है बेल का शर्बत

गर्मी के दुष्प्रभाव और सेहत की हर समस्या के लिए बेल का प्रयोग रामबाण है। यह न केवल शरीर में ठंडक पैदा करेगा बल्कि आपको सेहत से जुड़े ऐसे लाभ देगा, जिसके बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे। गर्मियों में रामबाण है बेल और उसका शर्बत। जानें 7 फायदे -

- गर्मी के दिनों में लू लगने का डर सबसे ज्यादा होता है। बेल का शर्बत बनाकर पीने से लू का खतरा नहीं होता और लू लग जाने पर यह दवा के रूप में कार्य करता है। तपते शरीर की गर्मी दूर करने में यह बेहद लाभकारी है।
- शरीर में गर्मी अधिक बढ़ जाने पर आंव- दस्त जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इससे छुटकारा पाने के लिए प्रतिदिन आधे कच्चे-पक्के बेलफल का सेवन करें या फिर बेल के शर्बत का सेवन करें। यह डायरिया रोग में काफी लाभप्रद है।
- कई मर्तबा गर्मियों में आंखें लाल-लाल होने के साथ ही जलने लगती हैं। ऐसी स्थिति में बेल के पत्तों का रस एक-एक बूंद आंख में डालने से तुरंत लाभ होता है और इसका कोई नुकसान नहीं होता। इसे बात का ध्यान रखें कि रस में कचरा न हो। आंख के दर्द में बेल के पत्तों की लुगदी आंख पर बांधने से काफी आराम मिलता है।
- पाचन संबंधी समस्याओं में पके हुए बेलफल का सेवन लाभदायक होता है। इसका शर्बत पीने से पेट साफ रहता है। यह फल पाचक होने के साथ-साथ बलवर्द्धक है। इसके सेवन से वात-कफ संबंधी समस्याएं भी समाप्त हो जाती हैं। गर्मियों में गर्भवती स्त्रियों का जी मिचलाने लगे तो बेल और सौंठ का काढ़ा दो चम्मच पिलाने पर लाभ होता है।
- बेल का मुरब्बा शरीर की शक्ति बढ़ाता है और कमजोरी दूर करता है। यह पेट संबंधी समस्याओं में तो फायदेमंद है ही, बेल के गूदे को खांड के साथ खाने से आंत संबंधी रोग में राहत मिलती है।
- बच्चों के पेट में कीड़े होने पर तो इसके पत्तों का अर्क पिलाना कारगर उपाय है। छोटे बच्चों को प्रतिदिन एक चम्मच पका बेल खिलाने से शरीर की हड्डियां मजबूत होती हैं।
- बेल के पके फल को शहद व मिश्री के साथ चाटने से शरीर के खून का रंग साफ होता है और खून में भी वृद्धि होती है। वहीं इसके गूदे में काली मिर्च, सेंधा नमक मिलाकर खाने से आवाज भी सुरीली होती है।





# मेडिटेशन करते समय आती है नींद? ऐसे पाएं छुटकारा

सेहत के लिए मेडिटेशन के फायदे हम सभी अच्छे से जानते हैं। ऐसे में कई लोग ऐसे हैं जो सालों से इसे कर रहे हैं वहीं कुछ ऐसे हें जो अपने इस साल के वादे को पूरा करने के लिए हाल ही में मेडिटेशन करना शुरू कर रहे हैं। जो हाल ही में मेडिटेशन की ओर कदम बढ़ा रहे हैं उन लोगों को एक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। अक्सर लोगों की शिकायत रहती है कि ध्यान लगाते समय उन्हें नींद आती है। ऐसे में जानते हैं इसकी वजह और कैसे पाएं इससे छुटकारा।

मेडिटेशन आपके दिमाग को बेहतर तरीके से काम करने में मदद करता है। यह आपकी याददाश्त में सुधार करने, तनाव को कम करने में मदद करता है। कई लोगों की शिकायत होती है कि उन्हें मेडिटेशन के दौरान नींद आती है। ऐसा मेडिटेशन के कारण बिल्कुल नहीं होता बल्कि नींद की कमी के कारण ऐसा होता है। नींद की कमी, पोषक तत्वों की कमी और तनाव ऐसे प्रमुख कारण हैं जिनकी वजह से आपको हर समय नींद आती है। ऐसे में आपको एक्टिव रहने के लिए काम करना चाहिए, ऐसे में सबसे ज्यादा जरूरी है सही लाइफस्टाइल और एक अच्छा मेडिटेशन सेशन करना चाहिए, जिससे आप नींद को खत्म कर सकें।

## खाने से पहले ध्यान करें

मेडिटेशन में पूरे शरीर को एक बिंदु पर ध्यान केंद्रित करना और खुद के साथ एक आध्यात्मिक संबंध बनान होता है। अगर आप खाने के ठीक बाद ध्यान करना शुरू करते हैं, तो आपको बहुत नींद आएगी क्योंकि आपका शरीर खाना और अन्य जटिल प्रक्रियाओं को पचाने में शामिल होगा और यह आपको विचलित करेगा। खाना खाने से पहले ध्यान करना अधिक फायदेमंद होगा क्योंकि आपका शरीर बिना विचलित हुए इसे पूरा करेगा।

## जागरूक और एक्टिव रहें


ध्यान करते समय सचेत और एक्टिव रहना जरूरी है, आपको यह महसूस करना चाहिए कि आपके अंदर कुछ अच्छा हो रहा है। आप इन चीजों पर ध्यान लगाने के लिए सांस की एक्सरसाइज और कुछ शांत म्यूजिक बजा सकते हैं।

## अपने ब्रेन को तैयार करें

मेडिटेशन प्रेक्टिस करना एक अच्छा कदम है। लेकिन बहुत लंबे मेडिटेशन सेशन से बचना बेहतर है क्योंकि शुरू में वे आपको नींद में डाल देंगे। आपको अपने दिमाग को इस तरह से प्रशिक्षित करना शुरू करना होगा कि आपका ध्यान अटूट रहे जो केवल 5 मिनट या 10 मिनट के छोटे सत्रों के साथ शुरू करने के बाद ही संभव होगा और फिर धीरे-धीरे लंबे समय तक आगे बढ़ें। जब आप छोटे सत्रों के लिए जागेंगे तो आपका दिमाग अपने आप काम करना शुरू कर देगा और ध्यान करते समय आपको नींद नहीं आएगी।

## ओपन एरिया में करें ध्यान

खुले में ध्यान करना हमेशा बेहतर होता है क्योंकि आपका शरीर नेचर के साथ एक्टिव रिलेशन महसूस कर सकता है। इसके अलावा, आपके चारों ओर ठंडी हवा, पक्षियों की हल्की आवाज के साथ आपके मन को शांत करता है और ध्यान करते समय आपको एक्टिव महसूस करने के लिए मदद मिलती है।




# किसी भी रूप में फायदेमंद है मूंग दाल का सेवन

**दालें प्रोटीन से भरपूर होती हैं। वैसे तो हर दाल पोषक तत्वों से भरपूर होती है लेकिन फिर भी अगर आपको प्रोटीन की मात्रा से के साथ कुछ परेशानियों को जड़ से खत्म करना है, तो आप अपनी डाइट में मूंग दाल जरूर जोड़ें। किसी भी रूप में मूंग दाल के सेवन के कई फायदे हैं।**

## दाल के पोषक तत्व

- दालों में सबसे पौष्टिक दाल, मूंग की होती है, इसमें विटामिन ए, बी, सी और ई की भरपूर मात्रा होती है। साथ ही पोटेशियम, आयरन, कैल्शियम की मात्रा भी मूंग में बहुत होती है। इसके सेवन से शरीर में कैलोरी भी बहुत नहीं बढ़ती है। अगर अंकुरित मूंग दाल खाएं तो शरीर में कुल 30 कैलोरी और 1 ग्राम फैट ही पहुंचता है।
- अंकुरित मूंग दाल में मैग्नीशियम, कॉपर, फोलेट, राइबोफ्लेविन, विटामिन, विटामिन सी, फाइबर, पोटेशियम, फास्फोरस, मैग्नीशियम, आयरन, विटामिन बी -6, नियासिन, थायमिन और प्रोटीन होता है।
- मूंग की दाल के स्प्राउट में ग्लूकोज लेवल बहुत कम होता है इस वजह से मधुमेह रोगी इसे खा सकते हैं।
- मूंग की दाल के स्प्राउट में ओलियोसाच्चाराइडस होता है जो पॉलीफिनॉल्स से आता है। ये दोनों की घटक, गंभीर रोगों से लड़ने की क्षमता को प्रबल करते हैं। कैंसर के रोगी भी इसका सेवन आराम से कर सकते हैं।
- मूंग की दाल में ऐसे गुण होते हैं, जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा देते हैं और उसे बीमारियों से लड़ने की ताकत देते हैं। इसमें एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-इंफलामेट्री गुण होते हैं, जो शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाते हैं।



- मूंग की दाल के स्प्राउट में शरीर के टॉक्सिक को निकालने के गुण होते हैं। इसके सेवन से शरीर में विषाक्त तत्वों में कमी आती है।

## ऐसे बनाएं हेल्दी मूंग दाल का चीला

रात को मूंग दाल को एक पैन में पानी डालकर रख दें। इसके बाद सुबह इसे छान कर ग्राइंडर में पीस लें। इसके बाद इसमें नमक डालकर अच्छी तरह से मिला लें। अब तवा को गर्म करें। गर्म हो जाने में थोड़ा सा तेल डालकर मूंग दाल के पेस्ट को डालकर अच्छी तरह से फैला लें। इसके बाद इसमें सभी सब्जियां और पनीर डाल दें। इसके बाद इसमें थोड़ा सा घी डालकर दूसरी तरफ भी सेंक लें। इसके बाद इसे प्लेट में निकाल लें। आपका मूंग दाल का चीला बनकर तैयार हैं। इसे हरी या लाल चटनी के साथ गर्मागर्म सर्व करें।

# इंडियन ऑयल पश्चिमी क्षेत्र पाइप लाइन्स, राजोला की मुख्य पाइपलाइन पर मॉक फायर ड्रिल का आयोजन ...

♦भारत टाइम्स♦

**मारवाड़ जंक्शन (अजयसिंह तोमर)।** इंडियनऑयल पश्चिमी क्षेत्र पाइपलाइन्स, राजोला & कोट, एचपीसीएल आउवा, जीआईजीएल कंटालिया, गेल नसीराबाद द्वारा मुख्य पाइप लाइन पर एक मॉक फायर ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें एसडीएम मारवाड़ (स्थानीय प्रशासन), पुलिस और अन्य आपातकालीन सेवाओं ने हिस्सा लिया। इस अभ्यास का उद्देश्य पाइपलाइन सुरक्षा से संबंधित आकस्मिक स्थिति में विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को परखना और आपातकालीन प्रतिक्रिया को मजबूत बनाना था। पाइपलाइन, जो कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों को उच्च दबाव पर परिवहन करती है, किसी भी प्रकार की दुर्घटना या क्षति से मानवीय जीवन और संपत्ति के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकती है। मॉक ड्रिल के दौरान इंडियन ऑयल, एचपीसीएल, जीआईजीएल, & गेल के अधिकारियों ने फायर फाइटिंग उपकरणों का प्रदर्शन किया और बताया कि किसी भी दुर्घटना के समय इन उपकरणों का सही तरीके से उपयोग करके कैसे स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सकता है।



उन्होंने बताया कि आग लगने की स्थिति में तुरंत किस प्रकार से इन उपकरणों का प्रयोग कर बचाव कार्य किया जा सकता है, ताकि जान-माल का नुकसान कम से कम हो सके। मॉक ड्रिल के दौरान इंडियनऑयल, एचपीसीएल, जीआईजीएल, & गेल के अधिकारियों ने यह भी बताया कि इस प्रकार की आपातकालीन स्थिति में लोगों को अपनी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखना चाहिए। सबसे पहले, घबराने के बजाय शांत रहकर, सुरक्षित स्थान पर जाना चाहिए और किसी भी तरह की अफवाहों से बचना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि दुर्घटना स्थल से दूर रहना चाहिए और किसी भी स्थिति में आग के पास जाने या उसे बुझाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए, अगर आप प्रशिक्षित नहीं हैं। इसके अलावा, इंडियनऑयल, एचपीसीएल, जीआईजीएल, & गेल के अधिकारियों ने बताया कि इन पाइप लाइनों को नुकसान पहुंचाने या किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि जैसे अनधिकृत खुदाई, चोरी या हमारी पाइपलाइनों को क्षति पहुंचाना बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। ऐसा करना न केवल मानवीय जीवन और संपत्ति के लिए भारी खतरा पैदा करता है, बल्कि यह बड़े पैमाने पर तेल विस्फोट और रिसाव का कारण भी बन सकता है। इंडियन ऑयल के अधिकारियों ने इस अवसर पर पी. एंड एम.पी. अधिनियम 1962 के तहत पाइपलाइन सुरक्षा के सख्त प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पाइपलाइन क्षेत्र (आर.ओ.डब्ल्यू.) में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अवैध गतिविधि दंडनीय अपराध है, जिसके लिए 10 साल तक की सजा का प्रावधान है। यदि अपराधी ने पुनः ऐसा अपराध किया हो, तो सजा की अवधि कम से कम तीन साल हो सकती है, लेकिन गंभीरता के आधार पर इसे 10 साल तक बढ़ाया जा सकता है। यह जीवन भर की सजा या मृत्युदंड तक बढ़ सकती है, यह अपराध की गंभीरता पर निर्भर करेगा। इसके अलावा, उन्होंने सजग प्रहरी प्रोत्साहन योजनाऱ का उल्लेख करते हुए बताया कि पाइपलाइन सुरक्षा से संबंधित सूचना देने वालों को उचित पुरस्कार दिया जाता है और उनकी पहचान गोपनीय रखी जाती है।ड्रिल के दौरान नागरिकों और स्थानीय अधिकारियों को पाइपलाइन सुरक्षा से संबंधित इंडियन ऑयल की तकनीकों और प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। इसमें टोल-फ्री नंबर 1800-180-6545 और ईमेल आईडी साझा किए गए, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रदान की जा सके। यह मॉक फायर ड्रिल न केवल आपातकालीन स्थितियों के लिए तैयारियों को परखने में सफल रही, बल्कि स्थानीय प्रशासन, पुलिस और इंडियन ऑयल के बीच सहयोग और समन्वय को मजबूत करने का भी माध्यम बनी। ऐसे अभ्यास न केवल सुरक्षा उपायों को और अधिक प्रभावी बनाते हैं, बल्कि समाज में सुरक्षा और सतर्कता के प्रति जागरूकता भी बढ़ाते हैं। इंडियन ऑयल, एचपीसीएल, जीआईजीएल, & गेल भारत की सबसे बड़ी पाइपलाइन परिवहन कंपनियों में से एक है। हमारी पाइपला इनें प्राकृतिक गैस, कच्चे तेल और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों का परिवहन करती हैं। हम नियमित परीक्षण, हवाई और पैदल गश्त आदि के माध्यम से अपने ऑपरेशन की निगरानी करते हैं।

# उत्तर भारत का प्रसिद्ध कत्थक नृत्य की अद्भुत प्रस्तुति



♦भारत टाइम्स♦

**वाराणसी।** फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि में मां गंगा की पावन तट पर उत्तर भारत का प्रसिद्ध कत्थक नृत्य की अद्भुत प्रस्तुति उदीयमान कलाकारों के माध्यम से प्रस्तुत की गई। जिला प्रशासन की अभिनव पहल पर शनिवार को सुबह ए बनारस के अंतर्गत घाट संध्या कार्यक्रम में प्रणाली डांस एकेडमी की छात्राएं जिसमें वृष्टि चक्रवर्ती ,सृष्टि यादव, जानवी शुक्ला, पायल सिंह, आंचल सिंह, इप्शिता मुखर्जी, परी यादव ने शिव स्तुति तत्पश्चात काशी का बखान एवं काशी में हो रहे गंगा आरती को कत्थक नृत्य के माध्यम से दशार्ने का अद्भुत प्रयास किया किया । समस्त कलाकारों ने पद, लय , ताल ,अंग संचालन एवं नुपुर के झंकार से मुक्ताकाशीय घाट संध्या के मंच पर उपस्थित को झंकृत कर समस्त दर्शकों के हृदय को मंत्र मुग्ध किया। कलाकारों को प्रमाण पत्र श्री रामेश्वर तिवारी एवं बालेश्वर तिवारी ने प्रदान किया। प्रमाण पत्र प्रदान करने के साथ उनकी संगीत साधना की भी प्रशंसा की। घाट संध्या कार्यक्रम का संयोजन सुबह ए बनारस के सचिव एवं संस्थापक डॉ रत्नेश वर्मा जी ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सीमा केशरी ने किया। इस अवसर पर भारी संख्या में दर्शक गण उपस्थित रहे।

# होली त्यौहार के लिए पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा विशेष गाड़ी का संचालन



फाईल फोटो

♦भारत टाइम्स♦

**संजय यादव वाराणसी।** एक मार्च को रेलवे प्रशासन द्वारा होली त्यौहार के अवसर पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 01431/01432 पुणे-गाजीपुर सिटी-पुणे द्वि-साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन पुणे से 07, 11, 14 एवं 18 मार्च, 2025 को तथा गाजीपुर सिटी से 09, 13, 16 एवं 20 मार्च, 2025 को 04 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। 01431 पुणे-गाजीपुर सिटी द्वि-साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 07, 11, 14 एवं 18 मार्च, 2025 को पुणे से 06.40 बजे प्रस्थान कर दौंड कॉर्ड लाइन से 08.12 बजे, अहमदनगर से 09.32 बजे, मनमाड जं. से 13.15 बजे, जलगांव जं. से 15.25 बजे, भुसावल से 16.00 बजे, खंडवा से 19.00 बजे, पिपरिया से 22.12 बजे, नरसिंहपुर से 23.07 बजे, दूसरे दिन मदन महल से 00.45 बजे, कटनी से 02.55 बजे, मैहर से 04.12 बजे, सतना से 06.05 बजे, मानिकपुर से 08.05 बजे, प्रयागराज छिवकी से 10.25 बजे, वाराणसी जं. से 14.40 बजे, जौनपुर से 17.00 बजे तथा औंड़िहार से 17.55 बजे छूटकर गाजीपुर सिटी 19.05 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 01432 गाजीपुर सिटी-पुणे द्वि-साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 09, 13, 16 एवं 20 मार्च, 2025 को गाजीपुर सिटी से 04.20 बजे प्रस्थान कर औंड़िहार से 05.15 बजे, जौनपुर से 07.05 बजे, वाराणसी जं. से 08.30 बजे, प्रयागराज छिवकी से 13.00 बजे, मानिकपुर से 16.27 बजे, सतना से 17.30 बजे, मैहर से 18.00 बजे, कटनी से 18.55 बजे, मदन महल से 20.30 बजे, नरसिंहपुर से 21.45 बजे, दूसरे दिन पिपरिया से 00.20 बजे, खंडवा से 03.48 बजे, भुसावल से 06.25 बजे, जलगांव जं. से 06.52 बजे, मनमाड जं. से 09.05 बजे, अहमदनगर से 12.00 बजे तथा दौंड कॉर्ड लाइन से 15.12 बजे छूटकर पुणे 16.20 बजे पहुँचेगी।इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 07, शयनयान श्रेणी के 08, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04 तथा एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

# बिजयनगर ब्लैकमेलिंग कांड के विरोध में अजमेर बंद

## मुस्लिम समाज के लोगों ने दुकानें बंद रखकर दिया समर्थन

♦भारत टाइम्स♦

**(हरिप्रसाद शर्मा) अजमेर।** सकल हिंदू समाज के आह्वान पर बिजयनगर ब्लैकमेलिंग कांड के विरोध मेंशनिवार कोअजमेर में बंद रखा गया। इस बंद को 124 से अधिक संगठनों का समर्थन प्राप्त था। सुबह से ही शहर के प्रमुख बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा, हालांकि दरगाह बाजार में कुछ दुकानें खुलीं, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने दुकानदारों से अपील कर उन्हें अपने प्रतिष्ठान बंद करने के लिए राजी कर लिया। विरोध-प्रदर्शन और रैली अजमेर के गांधी भवन चौराहे से एक विशाल रैली निकाली गई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए जिला कलेक्टर कार्यालय तक पहुंची। इस रैली में हजारों लोग शामिल हुए, जो हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर नारेबाजी कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों को जल्द से जल्द फांसी की सजा देने की मांग की। बंद के दौरान हिंदू संगठनों ने धर्मांतरण का विरोध करते हुए अपराधियों को फांसी की सजा दिए जाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने हमें चाहिए योगी मॉडल और दोषियों को सरेआम फांसी दो जैसे नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि छुपे हुए अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। आवश्यक सेवाओं पर कोई असर नहीं- प्राप्त जानकारी के अनुसार इमरजेंसी सेवाओं को इससे अलग रखा गया। स्कूल-कॉलेज, पेट्रोल पंप, गैस एजेंसियां, हॉस्पिटल और अन्य आवश्यक सेवाएं सामान्य रूप से संचालित



होती रहीं। प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया कि आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो और कानून व्यवस्था बनी रहे। **नेताओं और सामाजिक संगठनों की प्रतिक्रिया-** अजमेर नगर निगम के डिप्टी मेयर नीरज जैन ने इस घटना की कड़ी निंदा की और कहा कि दोषियों के खिलाफ जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि समाज में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। विभिन्न हिंदू संगठनों के नेताओं ने भी सरकार से कड़े कदम उठाने की मांग की। **शहर में पुलिस सतर्क, शांति बनाए रखने की अपील-** बंद को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क था। प्रमुख बाजारों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल तैनात किया गया था ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। पुलिस अधिकारियों ने जनता से शांति बनाए रखने की अपील की और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की सलाह दी। **समाज में आक्रोश, न्याय की मांग-** बिजयनगर की



यह घटना समाज को झकझोर देने वाली है। लोगों में गहरा आक्रोश है और वे पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए एकजुट हो गए हैं। इस बंद और रैली के जरिए जनता ने अपनी आवाज बुलंद की है, जिससे प्रशासन पर दबाव बढ़ा है कि वह दोषियों को जल्द से जल्द सजा दिलाए। अजमेर बंद के माध्यम से यह संदेश स्पष्ट हो गया कि समाज ऐसे अपराधों को बर्दाश्त नहीं करेगा और न्याय की मांग के लिए हर संभव कदम उठाएगा। ब्यावर के बिजयनगर में नाबालिग बच्चियों को बरगलाकर उनके साथ दुष्कर्म करने और धर्मांतरण करवाने के विरोध में विभिन्न जगहों पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर आंदोलन किए जा रहे हैं। सकल हिंदू समाज की ओर से जिला मुख्यालय के बाहर हुई आमसभा के बाद हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। सैंकड़ों कार्यकर्ता जिला मुख्यालय के बाहर सड़क पर बैठ गए और हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके बाद सकल हिन्दू समाज के पदाधिकारी के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर लोकबंधु को ज्ञापन सौंपा।

# जयंती माला मिश्रा द्वारा कथक की प्रस्तुति हुई




♦भारत टाइम्स♦

**वाराणसी।** शनिवार को दीन दयाल हस्तकला संकुल में वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार एवं सुबह ए बनारस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत वाराणसी की कलाकार पद्मश्री सितारा देवी की पुत्री,जयंती माला मिश्रा द्वारा कथक की प्रस्तुति हुई , आपने कार्यक्रम का आरंभ शिव वंदना से किया तत्पश्चात पारंपरिक कथक नृत्य और अंत में ठुमरी से कार्यक्रम का समापन किया तबले पर कुशाल कृष्णा व हारमोनियम व गायन पर गौरव कुमार मिश्रा ने संगत किया कार्यक्रम का समन्वय रहा डॉ रत्नेश वर्मा का एवं कार्यक्रम का संचालन किया ललिता मिश्रा ने।इससे पूर्व कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ दीन दयाल हस्तकला संकुल परिवार की ओर से अजय श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कलाकारों का स्वागत श्री गोपेश मौर्य सहायक निदेशक हस्तकला संकुल द्वारा किया गया ।अंत में कलाकारों को प्रमाण पत्र प्रदान किया अजय श्रीवास्तव ने ।

# ऊर्जा मंत्री ने पूजा पवित्र सरोवर ब्रह्मा मंदिर के किए दर्शन

♦भारत टाइम्स♦

**(हरिप्रसाद शर्मा)।** राजस्थान सरकार ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने शनिवार को पुष्कर आगमन पर कहा कि जनता जितनी बिजली खर्च करेगी उतना ही यूनिट आएगा ।इसमें कोई हेरा फेरी नहीं हो सकती हैं ।पहले बिलों में हेरा फेरी होती थी उसकी रोकथाम के लिए ऑन द स्पॉट बिलिंग की योजना चलाई गई है ।जो की जनता के लिए काफी फायदेमंद है और जनता के सामने ही मौके पर ही जितनी यूनिट आई है ,उतना ही बिल आ रहा है ।इसलिए जनता को इसमें भ्रमित नहीं होना चाहिए और बल्कि ऑन द स्पॉट बिलिंग में सहयोग करना चाहिए। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने जगत पिता ब्रह्मा मंदिर के दर्शन कर पवित्र सरोवर की पूजा अर्चना की । शनिवार की प्रातः परिवार सहित ब्रह्मा मंदिर पहुंचे यहां पर पुजारी



जुगल किशोर वशिष्ठ ने शॉल और दुपट्टा ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद में ब्रह्मा मंदिर से ब्रह्म घाट पैदल चलकर ब्रह्म घाट पर सरोवर की पूजा अर्चना की यहां पर उनके पुस्तैनी तीर्थ पुरोहित चंद्रशेखर गौड और रवि शंकर ने उनको सरोवर की पूजा अर्चना करवाई। मंत्री ने साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष भुवनेश पाठक, अंशुमन पाराशर सहित भाजपा कार्यकर्ताओ ने उनका माला और दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया ।

# शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने लिया अणुव्रत नियमों के पालन करने का सामुहिक संकल्प

♦भारत टाइम्स♦

**बगड़ी नगर।** शनिवार को कस्बे की शिक्षण संस्थाओं में 77 वे अणुव्रत दिवस पर विद्यार्थियों के साथ ही अध्यापकों ने भी अणुव्रत आचार संहिता का पालन करने का सामुहिक रुप से संकल्प लिया। अणुव्रत समिति बगड़ी नगर के अध्यक्ष राजेंद्र पोकरना ने बताया कि मानव जीवन के चारित्रिक उत्थान के उद्देश्य के साथ ही सभ्य समाज की अवधारणा को लेकर तेरापंथ धर्मसंघ के नवमाचार्य गुरुदेव श्री तुलसी ने 76 वर्ष पूर्व 1 मार्च 1949 को अणुव्रत आंदोलन का सूत्रपात कर पूरे देश में पदयात्रा कर गरीब की झोपड़ी से लेकर राष्ट्रपति भवन तक जन जन



को नैतिकता का बोध कराया था। उन्होंने अणुव्रत आचार संहिता के तहत 11 नियमों का निर्धारण किया जिसका पालन करने से मानव जीवन में बदलाव आ सकता हैं। शनिवार को अणुव्रत स्थापना दिवस पर बगड़ी नगर स्थित श्रमण वर्धमान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में



प्रधानाचार्य देवाराम प्रजापत, महासती चंदनबाला जैन राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार मेवाड़ा तथा महात्मा गांधी विद्यालय में वरिष्ठ अध्यापक दिनेश कुमार आद्रा के दिशा निर्देशन में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने सामुहिक रुप से अणुव्रत आचार संहिता के नियमों को दोहराते हुए जीवनकाल में शांति,अहिंसा और सहिष्णुता के साथ नैतिकता का पालन करने का संकल्प लिया। इसके साथ ही व्यसनमुक्त जीवन जीने व पर्यावरण की रक्षा करने की भी वचनबद्धता दोहराई। विद्यालयों में अणुव्रत नियम प्रतिज्ञा कार्यक्रम आयोजन के लिए अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी, राजसमंद के पूर्व अध्यक्ष निर्मल एम रांका ने कोयंबटूर से दूरभाष पर धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से संकल्प करवाया जाए तो विद्यार्थियों के संस्कार युक्त जीवन निर्माण का सपना साकार हो सकता हैं।

# बाजारों, चौराहों तक पहुंचे अणुव्रत : युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमण





**77 वां अणुव्रत स्थापना दिवस समायोजित, कच्छ धरा को पावन बनाते हुए गतिमान ज्योतिचरण**

♦भारत टाइम्स♦

**लूणी, कच्छ (गुजरात)।** 57 हजार किलोमीटर से अधिक की पदयात्रा कर देशझविदेश में सदाचार की सौरभ महकाते हुए अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री महाश्रमण जी गुजरात राज्य में वर्तमान में विचरण करा रहे है। आचार्य श्री के सान्निध्य में आज अणुव्रत का 77 वां स्थापना दिवस भी मनाया गया। अणुव्रत प्रवर्तक आचार्य श्री तुलसी द्वारा प्रवर्तित यह आंदोलन छोटे छोटे व्रतों द्वारा व्यक्ति, समाज तथा राष्ट्र में नैतिक उन्नयन की बात करता है। वर्तमान में आचार्य श्री महाश्रमण जी के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों एवं वर्गों में अणुव्रत का कार्य किया जा रहा है। विहार के क्रम में प्रातः मुंद्रा से आचार्य श्री ने प्रस्थान किया और लगभग 9.6 किमी विहार कर लूणी ग्राम में पधारे जहां महाजन वाडी भवन में गुरुदेव का प्रवास हुआ। इस अवसर पर अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी द्वारा अणुव्रत रैली भी निकाली गई। मुख्य प्रवचन कार्यक्रम में उद्बोधन प्रदान करते हुए गुरुदेव ने कहा झ आज के दिन परमपूज्य आचार्य श्री तुलसी ने विक्रम संवत 2005 सरदारशहर में अणुव्रत का शुभारंभ किया था। आज के दिन तेरापंथ के अष्टम आचार्य कालुगणी का जन्मदिवस भी है। शायद अपने गुरू के जन्मदिवस को ध्यान में रख कर ही आज अणुव्रत का शुभारंभ किया। आचार्य श्री तुलसी ने अनेक उन्मेश, अवदान प्रदान किए। उनमें एक अवदान यह अणुव्रत आंदोलन है। अणुव्रत का पालन करने के लिए धार्मिक होना जरूरी नहीं, हर व्यक्ति अणुव्रत को अपना सकता है। गुरुदेव तुलसी ने अणुव्रत के शुभारंभ के बाद कई क्षेत्रों की यात्राएं की। कोलकाता पधारे, दक्षिण भारत में भी पधारे और कच्छ की धरती को भी उन्होंने पावन किया। गुरुदेव ने आगे फरमाया कि आज अणुव्रत की स्थापना का प्रसंग है। अणुव्रत की कई संस्थाएं भी है। अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी, अखिल भारतीय अणुव्रत न्यास जैसी कार्यकारी संस्थाएं है। अणुव्रत धर्म स्थानों पर ही नहीं बल्कि जेलों में जाएं, बाजारों पर, चौराहों तक जाएं, दुकान, ऑफिस, विद्यालयों में अणुव्रत पहुंचे। अणुव्रत हर व्यक्ति के जीवन में आजाएं तो वह सब जगह आजाएगा। अहिंसा रूपी अणुव्रत जीवन में आएं और संयम की साधना रहे। साथ ही तप भी हो। जगह जगह अणुव्रत समितियां है। एक वृहद नेटवर्क है। राजनीति, शिक्षा, व्यापार हर क्षेत्र में अणुव्रत की आवश्यकता है। कार्यक्रम में अणुविभा के अध्यक्ष श्री प्रताप दूगड़, महामंत्री श्री मनोज सिंघवी ने अपने विचार व्यक्त किए। अणुविभा टीम द्वारा गीत का संगान किया गया। महाजन वाडी भवन की ओर से श्री नितिन केडिया ने गुरूदेव का स्वागत किया।

## घर जमीन विवाद को लेकर घर में आग लगाने वाले आरोपियों को २४ घंटे के भीतर गिरफ्तार कर भेजा जेल

♦भारत टाइम्स♦



**दल्लीराजहरा/ बालोद/ परस साहू।** मनीष बाघ व भुतेश बाघ द्वारा घर जमीन विवाद को लेकर प्रार्थिया ममता भुआर्य पति राजकुमार भुआर्य निवासी वार्ड क्रमांक 27 गुरूघासीदास वार्ड दल्लीराजहरा से वाद विवाद करने लगा जिस संबंध में शिकायत आवेदन देने प्रार्थिया ममता भुआर्य अपने पति के साथ थाना आयी थी, थाना से जब वापस घर जा रही थी तभी रास्ते में पडोसी द्वारा प्रार्थिया ममता भुआर्य को फोन कर बतायी कि तुम्हारे बुआ के लडके मनीष बाघ व भुतेश बाघ द्वारा तुम्हारे घर के दरवाजा को लात से मारकर घर अंदर दोपहर करीबन 03.30 बजे घुसकर घर में आग लगा दिया। घर से धुंआ निकल रहा है प्रार्थी घर पहुचे तब देखे तो घर में आग लगने से काफी धुंआ निकल रहा था उसी समय आरोपी 01. भूपेश बाघ पिता स्व. विनोद बाघ उम्र 36 वर्ष 02. मनीष बाघ पिता स्व. विनोद बाघ उम्र 34 वर्ष साकिनान वार्ड क्रमांक 27 गुरूघासीदास वार्ड राजहरा थाना राजहरा जिला बालोद ने हम लोग आग लगाये है जो करना है कर लो कहते हुए अपने घर की तरफ चले गये फिर प्रार्थी लोग पडोसीयों के मदद से आग को बुझाये है, आरोपीगण मनीष बाघ व भुतेश बाघ प्रार्थिया के घर में आग लगाने से घर में रखे एलई डी टीव्ही, दीवान, सोफा सेट, पलंग गद्दा, सिलाई मशीन, दिवाल घडी, बिजली बोर्ड एवं वायर, एवं अन्य घरेलू उपयोगी सामान एवं मजदूरी की नगदी रकम 20000 रुपए ,प्लास्टीक टी टेबल, कुर्सी, स्टूल, होम थियेटर, इंडेक्शन चुल्हा, आलमारी मे लगे आईना कांच व दिवाल में लगे आईना व सिलिंग पंखा को तोड फोड कुल कीमती 1,20,000 रुपए को आग से जलाकर नुकसान पहुचाये है प्रार्थिया की रिपोर्ट पर उक्त अपराध सदर धारा पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बालोद श्रीमान एस. आर. भगत के निर्देशन पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अशोक कुमार जोशी, श्रीमती मोनिका ठाकुर तथा नगर पुलिस अधीक्षक राजहरा डॉ0चित्रा वर्मा के नेतृत्व के मार्गदर्शन में निरीक्षक श्री सुनील तिर्की ?थाना प्रभारी राजहरा द्वारा टीम गठित कर तत्काल आरोपीगण की पता तलाश कर अभिरक्षा में लेकर पुछताछ किया गया जिन्होने जुर्म स्वीकार करते जमीन विवाद को लेकर प्रार्थी ममता भुआर्य के घर में आग लगाना बताने पर आरोपीगण दिनांक 27.02.2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जिला जेल बालोद मे निरूध्द किया गया है।

## पुलिस ने लूट की दो बाईक संग तीन लुटेरो को किया गिरफ्तार, कार्रवाई जारी

♦भारत टाइम्स♦



**धानापुर (चंदौली) / बजरंगी प्रसाद।** राहगीरो से मोटरसाइकिल लूट की घटना को अंजाम देने वाले तीन शातिर युवको को सैयदराजा पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर-के अग्रिम कार्रवाई मे जूट गई। लुटेरो के पास से दो मोटरसाइकिल बरामद करके लूट की घटना का खुलासा किया। पुलिस अधीक्षक चन्दौली आदित्य लांग्हे के निर्देश पर लूट की घटना के बाद चंदौली की पुलिस हरकत मे आ गई। प्रभारी निरीक्षक विन्देश्वर प्रसाद पाण्डेय व उनकी टीम द्वारा मोटरसाइकिल लूट की घटना का सफल अनावरण किया। बता दे कि बीते 27 फरवरी को मेघनाथ सेठ पुत्र रामदास सेठ निवासी ग्राम सावठ थाना दुर्गावती जिला कैमूर भभुआ बिहार अपने रिश्तेदार सच्चितानन्द वर्मा पुत्र श्री राधेश्याम सेठ निवासी ग्राम मनिहारी थाना भभुआ बिहार के साथ अपनी मोटरसाइकिल नं० इफ45ट8721 से वाराणसी से बिहार के लिए जाते समय बाईक लूट की घटना की तहरीर थाने पर दी गई।

बैग मे रखे गहने भी लुटेरो ने लूट लिया। शनिवार को मुखबीर द्वारा सूचना मिली की थाना क्षेत्र के एनएच 02 हाइवे पर लूट की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्तो ने बड़ी डिलियी की त ?फ से आने वाले है। पुलिस ने भतीजा अण्डर पास पर चेकिग शुरू कर दी। तभी लूट की बाईक अपाचे पर सवार कुल तीन व्यक्ति व एक अन्य बाईक से एक व्यक्ति आते दिखाई दिया। सामने पुलिस बल को देखकर अपाचे सवार पीछे बैठा व्यक्ति कूदकर भागने मे सफल हो गया। वही अन्य लोगो को मौके से पुलिस ने गिरफ्तार कर बाईक बरामद कर लिया।

## महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की सारथी बनी यूपी रोडवेज सेवा, 3.25 करोड़ श्रद्धालुओं को पहुंचाया गंतव्य

- महाकुम्भ में यूपी रोडवेज ने 8550 बसों का किया संचालन
- महाकुम्भ क्षेत्र और पार्किंग स्थल की सेतु बनी शटल सेवा की 750 बसें
- 1.25 करोड़ श्रद्धालुओं को शहर की विभिन्न पार्किंग स्थल से पहुंचाया महाकुम्भ मेला क्षेत्र
- शटल बसों ने महाकुम्भ के दौरान 17 दिन श्रद्धालुओं को दी नि:शुल्क सेवा

♦भारत टाइम्स♦

**प्रयागराज।** प्रयागराज में त्रिवेणी के तट पर आयोजित हुए आस्था के जन समागम महाकुम्भ में यूपी रोडवेज श्रद्धालुओं के लिए सारथी साबित हुई है। महा कुम्भ के प्रथम स्नान पर्व पौष पूर्णिमा से अंतिम स्नान पर्व महा शिवरात्रि तक रोडवेज और शटल बस सेवा ने आगंतुकों को महा कुम्भ लाने और वापस उनके गंतव्य तक पहुंचाने में बढ़ चढ़कर योगदान दिया।

**3.25 करोड़ श्रद्धालुओं को पहुंचाया गंतव्य तक-** प्रयागराज महाकुम्भ में 66.33 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी मे पुण्य की डुबकी लगा कर इतिहास बना दिया। यूपी रोडवेज इन श्रद्धालुओं को सकुशल सु व्यवस्थित उनके गंतव्य तक पहुंचाने में पूरी तन्मयता से लगा रहा। यूपी रोडवेज प्रयागराज परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक एम के त्रिवेदी बताते हैं कि महाकुम्भ में यूपी रोडवेज ने 3.25 करोड़ लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया। इसके लिए प्रदेश के सभी रूटों के लिए बसों का पूरा इंतजाम किया गया था। महाकुम्भ के दौरान 8850 रोडवेज बसों का संचालन कर एक रिकॉर्ड बनाया गया। वैसे महा कुम्भ के विभिन्न स्नान पर्वों में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या के अनुमान के मुताबिक इनकी संख्या तय की गई थी जिसमे मौनी अमावस्या में सबसे अधिक 8850 बसों का संचालन किया गया।

**शटल बसों ने महाकुंभ के दौरान 17 दिन श्रद्धालुओं को दी निःशुल्क सेवा-** महाकुम्भ में उमड़े जन सैलाब को देखते हुए बसों और चार पहिया वाहनों को शहर के बाहर पार्किंग में खड़ा करना यातायात योजना का हिस्सा था। पार्किंग स्थल से कुम्भ क्षेत्र तक लाने में जुटी रही शटल बस सेवा निरंतर इस कार्य में लगी रही। प्रमुख स्नान पर्वों के समय इस सेवा को निःशुल्क कर दिया गया। महा कुम्भ के दौरान कुल 17 दिनों तक शटल ने निःशुल्क अपनी सेवा श्रद्धालुओं को प्रदान की। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने रोडवेज कर्मियों की सहभागिता को सराहा और आर्थिक सुरक्षा देने का ऐलान किया।

**पार्किंग स्थल और कुम्भ क्षेत्र के बीच सेतु बना 750 शटल बसों का बेड़ा**

*महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के महा कुम्भ क्षेत्र तक पहुंचाने के लिए रोडवेज बस सेवा के अलावा शटल बस सेवा की अहम भूमिका रही। क्षेत्रीय प्रबंधक एम के त्रिवेदी बताते हैं कि शहर के चारो तरफ बनाए गए अस्थाई बस स्टेशन में जहां रोडवेज का बसों का बेड़ा तत्पर रहा है तो वहीं इन अस्थाई बस स्टेशन से महाकुम्भ के नजदीक के स्थानों तक श्रद्धालुओं को पहुंचाने के लिए 750 शटल बसें निरंतर सेवा में लगी रहीं हैं। शटल सेवा ने 45 दिनों तक चले इस महाकुंभ में 1.25 करोड़ लोगों को पार्किंग स्थल से महा कुम्भ के नजदीकी स्थान तक पहुंचाया।*

## कांग्रेस प्रदेश सचिव ने की कार्यकताओं संग बैठक,संगठन को लेकर किया मंथन

**कांग्रेस पार्टी इन दिनों अपने संगठन को उत्तर प्रदेश में मजबूत करने में लगी हुई है इसी के मद्देनजर शुक्रवार को वरिगढ़ही स्थित शमीम अख्तर के मकान पर एक बैठक का आयोजन किया गया।**

♦भारत टाइम्स♦



**रामनगर।** कांग्रेस पार्टी इन दिनों अपने संगठन को उत्तर प्रदेश में मजबूत करने में लगी हुई है इसी के मद्देनजर शुक्रवार को वरिगढ़ही स्थित शमीम अख्तर के मकान पर एक बैठक का आयोजन किया गया। कांग्रेस प्रदेश सचिव फसाहत अली बाबू की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संगठन को लेकर चर्चा की गयी।बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश सचिव ने कहा की प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है की पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए नये लोगों को जोड़ा जाए और पार्टी की विचारधारा को जन जन पहुंचाया जाय।इसके साथ ही नगर अध्यक्ष शमशाद खान ने भी अपने विचार रखे बैठक में मुख्य रूप से सतनाम सिंह, सय्यद इनाम रजा आब्दी,यासीन,डा शौकत,नदीम शमीम अख्तर,सहित अन्य लोग भी शामिल थे। अंत में शमीम अख्तर ने सभी का स्वागत कर धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## नेशनल हाईवे 130 स्थित नवापारा चौक में ट्रेलर और पिकप में आमने-सामने भिड़ंत,पिकप चालक हुआ घायल जिला अस्पताल रेफर

♦भारत टाइम्स♦



**लखनपुर। सितेश सिरदार।** लखनपुर थाना क्षेत्र के अंबिकापुर बिलासपुर नेशनल हाईवे 130 स्थित नवापारा चौक में 1 मार्च दिन शनिवार के दोपहर लगभग 2:30 बजे ट्रेलर और पिकप में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिससे पिकप चालक जगदीश साहू उम्र लगभग 40 वर्ष कोरबा जिला निवासी के पैर में गंभीर चोटे आई स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को फोन किया गया सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को उपचार हेतु लखनपुर अस्पताल लाकर दाखिल कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद पैर में गंभीर चोट होने के कारण जिला अस्पताल रेफर किया गया है। लखनपुर पुलिस ट्रेलर वहान और चालक को लखनपुर थाने लेकर आई है। टक्कर में पिकप वाहन बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया है।

## एक्शनएड द्वारा कस्तूरबा गांधी की किशोरियों का खेल प्रतियोगिता आयोजित



♦भारत टाइम्स♦

**श्रावस्ती।** जनपद श्रावस्ती आदित्य बिड़ला कैपिटल फाउंडेशन के सहयोग से एक्शन ऐड द्वारा संचालित नई पहल परियोजना के अन्तर्गत जनपद श्रावस्ती के विकास खण्ड जमुनहा,इकौना,और गिलौला के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में इंटर स्पोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री अजय गुप्ता जी द्वारा किया गया जिसमें किशोरियों ने प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में मुख्य रूप से दौड़,कबड्डी, खो-खो खेल को आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने खूब बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया उक्त प्रतियोगिता में तीनों कस्तूरबा की किशोरियों द्वारा बहुत अच्छा प्रदर्शन किया गया कार्यक्रम के समापन पर तीनों विद्यालयों की छात्राओं को पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय गुप्ता जी ,जिला समन्वयक समग्र शिक्षा अजीत उपाध्याय जी ,जिला समन्वयिका बालिका शिक्षा नीलम जी ,जिला समन्वयिका निर्माण सपना सोनी जी ,रागनी जी ,विद्यालय के शिक्षकगण तथा एक्शन ऐड से गुलिस्ता आर तारिक अहमद की उपस्थिति रही। इस आयोजन से बालिकाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ी तथा उनमें प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास हुआ।

## उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने नवनिर्वाचित महापौर और पार्षदों से किया आह्वान : शहर को स्वच्छ, सुन्दर और सुविधापूर्ण बनाने दृढ़ संकल्प से करें काम

**महापौर तथा पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री**

♦भारत टाइम्स♦





**रायपुर/ छत्तीसगढ़/ परस साहू।** रायपुर. 1 मार्च 2025. उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव के मुख्य आतिथ्य में आज जगदलपुर नगर निगम में नवनिर्वाचित महापौर एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। वन मंत्री श्री केदार कश्यप, सांसद श्री महेश कश्यप, विधायकगण सर्वश्री किरण देव, विनायक गोयल, नीलकंठ टीकाम और चैतराम अटामी भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। बस्तर के कलेक्टर श्री हरीश एस. ने जगदलपुर के मां दन्तेश्वरी मंदिर प्रांगण में आयोजित समारोह में महापौर श्री संजय पाण्डेय और सभी नवनिर्वाचित पार्षदों को शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि नए महापौर और पार्षदगण अटल विश्वास पत्र में किए गए प्रत्येक वादे को पूरा कर जगदलपुर शहर को स्वच्छ, सुन्दर एवं सुविधापूर्ण बनाने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार जगदलपुर की तरक्की के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा बीते 15 महीनो में नगरीय निकायों में 7500 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्य कराए गए हैं। जगदलपुर शहर में 82 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से आधारभूत संरचना विकसित की जा रही है। आगामी दिनों में जगदलपुर के 50 वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखकर समग्र विकास के लिए हम सब मिलकर पहल करेंगे। सांसद श्री महेश कश्यप और विधायक श्री किरण देव ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जगदलपुर शहर के सर्वांगीण विकास के लिए हरसम्भव पहल करने का आश्वासन दिया। बस्तर राज परिवार के श्री कमलचन्द्र भंजदेव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में समारोह में मौजूद थे।

# 45 दिन का महाकुम्भ मेला, अयोध्या में पहुंचा करोड़ों श्रद्धालुओं का रेला

- मकर संक्रांति से महाशिवरात्रि तक रोजाना औसतन 10 से 12 लाख श्रद्धालु पहुंचे अयोध्या
- राम मंदिर और हनुमानगढ़ी में श्रद्धालुओं ने किया दर्शन, अयोध्या के अन्य आध्यात्मिक स्थलों पर पहुंचा श्रद्धालुओं का कारवां

## मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में रामनगरी में श्रद्धालुओं को मिली सुरक्षा, सुविधा और सुगम दर्शन की व्यवस्था



### अब रामनवमी की तैयारी में जुटा प्रशासन

*मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि 45 दिन तक चले मेले के दौरान अयोध्या पहुँचने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षा मानकों के अनुसार दर्शन कराए गए। देश के विभिन्न कोने-कोने से श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे थे। इस बार की भीड़ देखकर रामनवमी मेले के लिए बेहतर मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है।*

♦भारत टाइम्स♦

**अयोध्या।** प्रयागराज का महाकुम्भ इस बार बड़ा कीर्तिमान गढ़ गया। 45 दिन तक चले मेले के दौरान अयोध्या में भी श्रद्धालुओं का ऐसा रेला उमड़ा की हर कोई ताजुब कर गया। इतने दिनों में अयोध्या में भी एक इतिहास रच दिया। चार से पांच करोड़ के बीच लोगों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। ऐसा पहली बार हुआ कि प्रभु श्री रामलला के दर्शन को रात एक-एक बजे तक कपाट खोले रखे गए। श्रद्धालुओं ने योगी सरकार के विकास कार्यों व प्रशासनिक व्यवस्थाओं की जमकर तारीफें भी की हैं। अयोध्या में मकर संक्रांति से श्रद्धालुओं के उमड़ने का क्रम शुरू हुआ तो महाशिवरात्रि तक जारी रहा। 26 जनवरी से तो मानो प्रयागराज ही उमड़ आया। रोजाना 10 से 12 लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे थे। श्रद्धालुओ ने न सिर्फ आध्यात्मिक दृष्टि से अयोध्या को देखा बल्कि पर्यटन का भी नजारा लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद जिला प्रशासन ने पलक पांवड़े बिछाकर उनका स्वागत सत्कार किया साथ ही उन्हें पूर्ण सुरक्षा दिलाते हुए मंन्दिरों में दर्शन पूजन भी कराया।

**सवा करोड़ ने तो रामलला के दर्शन किये-** अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र प्रभु श्री रामलला का मंदिर और हनुमानगढ़ी रहा। प्रभु श्री रामलला के दरबार में तो रात एक-एक बजे तक दर्शन हुए हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्र बताते हैं कि 45 दिन के दौरान राम मंदिर में 1.25 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किये। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की गिनती एआई और डोर मैटल डिटेक्टर के जरिये की गई। लगभग रोजाना श्रद्धालुओं की ओर से 15 लाख का दान दिया जाता रहा है।

### प्रशासन के थे चुस्त-दुरुस्त इंतजाम

राम मंदिर के दर्शन को पहुंच रहे श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए जिला प्रशासन ने बड़ी व्यवस्थाएं कर रखी थी। 25 हजार लोगों के ठहरने के लिए आश्रय स्थल, शौचालय, पेयजल, साफ - सफाई व्यवस्था आदि का इंतजाम किया गया था। इसके अलावा रुट डायवर्जन भी किया गया था। भीड़ बढ़ती देख जिले की सीमाओं पर होल्डिंग एरिया बनाये गए थे।

### होटल-होम स्टे वालों की रही चांदी

*श्रद्धालुओं ने अयोध्या का व्यापार भी बढ़ा दिया। फल-फूल, प्रसाद आदि की बिक्री के साथ ही होटल, रेस्टोरेंट और होम स्टे का व्यवसाय बूम कर गया। बड़ी संख्या में पहुंचने वाले लोगों ने होम स्टे बुक कर अयोध्यावासियों की भी जेबें फुल कर दी। राम मंदिर के निकट के सभी होम स्टे में बुकिंग स्लॉट खाली नहीं दिखे। होमस्टे योजना बनाकर योगी सरकार ने अयोध्या वासियों को रोजगार का एक अच्छा मौका भी दिया है।*

# महाकुम्भ में संतों-श्रद्धालुओं को मिला दो हजार मीट्रिक टन सस्ता राशन, मार्च में भी मिलेगी सुविधा

- प्रधानमंत्री मोदी के सहकारिता से समृद्धि के नारे को सीएम योगी के सहयोग से नैफेड ने महाकुम्भ में धरातल पर उतारा

♦भारत टाइम्स♦

**प्रयागराज।** महाकुम्भ के भव्य आयोजन के दौरान संतों, महात्माओं, कल्पवासियों और श्रद्धालुओं के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ की विशेष योजना कारगर साबित हो रही है। इसके अंतर्गत दो हजार मीट्रिक टन से अधिक सस्ता राशन अब तक वितरित किया जा चुका है। श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इस योजना को मार्च तक बढ़ा दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी के सहकारिता से समृद्धि के नारे को सीएम योगी ने महाकुम्भ में धरातल पर उतारा। जिसके परिणामस्वरूप नैफेड ने अब तक 1400 मीट्रिक टन आटा व चावल एवं 600 मीट्रिक टन दाल सस्ते दाम पर उपलब्ध कराई है।

**मोबाइल वैन से हो रही राशन की ऑन-कॉल डिलीवरी-** श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पूरे महाकुम्भ मेला क्षेत्र और प्रयागराज में 20 मोबाइल वैन लगातार राशन की आपूर्ति कर रही हैं। श्रद्धालु व्हाट्सएप या कॉल के जरिए आटा, चावल, दाल और अन्य आवश्यक वस्तुएं मंगवा सकते हैं। इस योजना के तहत आटा और चावल 10-10 किलो के पैकेट में, जबकि दालें 1 किलो के पैकेट में उपलब्ध कराई जा रही हैं। श्रद्धालु 72 75 78 18 10 पर कॉल या व्हाट्सएप के जरिए राशन का ऑर्डर कर सकते हैं।

**पीएम मोदी और सीएम योगी की विशेष पहल-** पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में इस योजना को सफलतापूर्वक लागू किया गया है। अब तक आटा और चावल 1400 मीट्रिक टन और दाल 600 मीट्रिक टन सस्ते दाम पर उपलब्ध कराया गया है। महाकुम्भ में आए संतों, उनके आश्रमों, कल्पवासियों और श्रद्धालुओं के लिए मोबाइल वैन के जरिए राशन की डिलीवरी की जा रही है। नैफेड के राज्य प्रमुख रोहित जैमन ने बताया कि सहकारिता मंत्रालय और यूपी सरकार मिलकर महाकुम्भनगर और प्रयागराज में राशन वितरण की इस विशेष योजना को संचालित कर रहे हैं। एमडी दीपक अग्रवाल इस पूरी योजना की मॉनिटरिंग खुद कर रहे हैं।

**श्रद्धालुओं के बीच लोकप्रिय हुआ भारत ब्रांड राशन-** सरकार द्वारा नैफेड के माध्यम से वितरित राशन श्रद्धालुओं और संतों के बीच बेहद लोकप्रिय हो रहा है। भारत ब्रांड के उत्पादों को काफी पसंद किया जा रहा है, जिससे महाकुम्भ में आए भक्तों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री मिल रही है।

# 15 मार्च तक पूरी कर ली जाएं लंबित भूमि अधिग्रहण व मुआवजा वितरण संबंधी कार्रवाईः मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की केंद्र व राज्य सरकार से संबंधित विकास परियोजनाओं की समीक्षा
- शासन व वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े जिला प्रशासन के अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

## चल रहीं विकास परियोजनाओं की जिलाधिकारी हर सप्ताह व आयुक्त 15 दिन में करें समीक्षाः मुख्यमंत्री



♦भारत टाइम्स♦

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को केंद्र व राज्य सरकार से संबंधित विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ही विभिन्न जिलों के जिलाधिकारी समेत वरिष्ठ अधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न संचालित परियोजनाओं में लंबित भूमि अधिग्रहण व मुआवजा वितरण की कार्रवाई 15 मार्च तक पूर्ण कर लें। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विभिन्न जनपदों में चल रहीं केंद्र व राज्य सरकार की विकास परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण तथा मुआवजा वितरण की कार्रवाई 15 मार्च तक पूरी कर ली जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि लोकमहत्व से जुड़ी विकास परियोजनाओं की समयबद्धता आवश्यक है। इनसे रोजगार सृजन के साथ-साथ आम जनमानस के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि परियोजना में देरी से कास्ट रिवाइज की आवश्यकता पड़ती है, जिससे राजस्व पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विकास परियोजनाओं के लिए जिला प्रशासन भूमि अधिग्रहण/मुआवजा वितरण की नियमित समीक्षा करते हुए प्रभावित किसानों/परिवारों से संवाद स्थापित करें। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जिलाधिकारी प्रत्येक सप्ताह व आयुक्त हर 15 दिन पर इसकी समीक्षा करें और मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव कार्यालय व संबंधित विभागों के उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए नोट भेजें। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सामान्य नागरिक विकास चाहता है। उसे विकास के अच्छे परिणामों से अवगत कराएं। मुआवजा के लिए सर्किल रेट की जानकारी उसे पहले से ही प्रदान कर दी जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रारंभ हो चुके प्रोजेक्ट्स में नोडल अधिकारियों की निश्चित रूप से तैनाती हो। साथ ही कार्यों की गुणवत्ता व समयबद्धता का पूर्ण ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में ईएसआईसी द्वारा 350 और गोरखपुर में 100 बेड के हॉस्पिटल निर्माण की कार्रवाई को समयबद्ध रूप से आगे बढ़ाएं। इसमें आ रहीं समस्याओं का तत्काल समाधान भी निकाला जाए। ग्रेनो में हॉस्पिटल निर्माण से लगभग एक हजार प्रत्यक्ष तथा दो-तीन हजार अप्रत्यक्ष रोजगार का सृजन होगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विकास कार्यों में अवरोध उत्पन्न करने वाले लोगों को चिह्नित करें और उनसे सख्ती से निपटें। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वाराणसी से जुड़े कई विकास कार्यों के बारे में भी जानकारी ली और इन कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विकास और रोजगार सृजन ही हमारा लक्ष्य है। इसके लिए जीरो पेंडेंसी की अवधारणा पर कार्य करें।

# संत सत्यानंद विद्या विहार में सीए अनुज मनचंदा ने किया करियर काउंसलिंग सेशन, सीए को लेकर छात्रों के सभी मिथक किए दूर

♦भारत टाइम्स♦

**हरियाणा/हिसार (गरिमा)।** चार्टर्ड अकाउंटेंसी (CA) कोर्स को लेकर छात्रों के मन में बनी भ्रांतियों को दूर करते हुए सीए अनुज मनचंदा ने आज संत सत्यानंद विद्या विहार में एक विशेष करियर काउंसलिंग सेशन का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने सीए कोर्स की पूरी प्रक्रिया, करियर के असीमित अवसरों और सफलता के लिए जरूरी रणनीति पर विस्तार से जानकारी दी।

**उन्होंने छात्रों को बताया कि-** सीए कोर्स केवल गणित के छात्रों तक सीमित नहीं है, कोई भी इसे कर सकता है। सीए बनने के बाद करियर के कई रास्ते खुलते हैं, जैसे फाइनेंस, टैक्सेशन, ऑडिटिंग और बिजनेस कंसल्टिंग। परीक्षा की कठिनाई से घबराने की बजाय सही रणनीति और मेहनत से सफलता हासिल की जा सकती है। छात्रों को प्रेरित करते हुए उन्होंने प्रसिद्ध कविता की पंक्तियाँ झ लहरों से डर कर



नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती! सुनाई और समझाया कि संघर्ष और समर्पण ही सफलता की कुंजी है। सीए अनुज मनचंदा की खास शैली और इंटरैक्टिव तरीके ने छात्रों को करियर को लेकर गहराई से सोचने के लिए प्रेरित किया। उनके अनुभवों और व्यावहारिक उदाहरणों से छात्रों को सीए बनने की पूरी प्रक्रिया और करियर की संभावनाओं की बेहतर समझ मिली। सत्र में बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया और इसे प्रेरणादायक और जानकारीपूर्ण बताया। विद्यालय प्रशासन ने इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# अखिल भारतीय महिला सेवा संघ ' शाखा बरवाला का पुनर्गठन

♦भारत टाइम्स♦

**हरियाणा/हिसार (गरिमा)।** वर्ष 2025-2026 के लिए अखिल भारतीय महिला सेवा संघ शाखा का पुनर्गठन किया गया । बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय उपाध्यक्ष ओमप्रकाश वधवा ( सेवानिवृत्त प्राचार्य ) ने की । शाखा की संरक्षक आल्का सरदाना ( पत्नी रमेश कुमार सरदाना बेटरीवाला, चेयरमेन नगरपालिका बरवाला )को चुना गया । शाखा की महिला अध्यक्ष वीना चुघ, महिला सचिव मंजू व कोषाध्यक्ष नीशू वधवा, उपप्रधान सिमरण पाहुजा व आशा चुघ, सहसचिव सुनीता पठनेजा व अंजू रेलन, सलाहकार सुनीता भाटिया व कृष्णा सरदाना, सहकोषाध्यक्ष अनिता कक्कड़ व अंजू रहेजा को सर्वसम्मत्ति से चुना गया ।




बैठक की अध्यक्षता कर रहे ओम प्रकाश वधवा ने सभी सदस्यों को शपथ दिलाई व दिशा निर्देश दिए कि आप सभी तालमेल बनाकर समाज सेवा में कार्य करें । ज्यादा से ज्यादा प्रोजेक्ट लगाए जाएं । शाखा के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने आए हुए सभी सदस्यों को जलपान करवाया । सभी पदाधिकारियों ने आश्वासन दिलाया कि हर संभव आपकी अम्मीदों पर खरा उतरेंगे और ज्यादा से ज्यादा प्रोजेक्ट लगाकर समाज को सेवा प्रदान करेंगे । बैठक में सदस्य वर्षा रहेजा, सरला कामरा, अन्नू रहेजा ,कविता , हर्षा पठनेजा ,कृष्णा सरदाना, उषा रहेजा, कांता बब्बर, नीलम सलूजा, द्रोपदी पाहुजा ,कविता रहेजा आदि उपस्थित रहे।

# विशेष किशोर पुलिस ईकाई एंव एंटी हयूमन ट्रैफिकिगं यूनिट की मासिक सम्वन्य गोष्ठी एंव कार्यशाला सम्पन्न

♦भारत टाइम्स♦

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर पुलिस आफिस स्थित सभागार बलरामपुर में पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (नोडल) एएचटी/एसजेपीयू, पुलिस उपाधीक्षक ललिया जनपद बलरामपुर की अध्यक्षता में एएचटीयू (एंटी हयूमन ट्रैफिकिंग यूनिट) तथा विशेष किशोर पुलिस इकाई/(एसजेपीयू) की समन्वय गोष्ठी व कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मानव तस्करी , अनैतिक देह व्यापार एवं महिलाओ और बालको के उत्पीडन, पाक्सो एक्ट की विवेचना के संबंध में व बाल श्रम, भिक्षावृत्ति, बालविवाह की रोकथाम के लिए कार्य योजना तैयार की गई तथा इस परिप्रेक्ष्य में प्रस्थापित नियमो एवं अधिनियमों के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु दिशा निर्देश दिये गये। तथा समय झसमय पर इस सम्बन्ध में मा0 न्याया0 द्वारा



पारित निर्णयो एवं उक्त क्रम में जारी शासनादेशो से अवगत कराया गया । उपरोक्त गोष्ठी व कार्यशाला में उपस्थित, स्वास्थ विभाग से , अनिल कुमार चौधरी, अभियोजन कार्यालय से राजकुमार , सीडब्लूसी से प्रदीप कुमार गुप्ता , सुशील कुमार सिंह जिला प्रोवेशन बलरामपुर से, श्रम विभाग से, शिशिर कुमार श्रीवास्तव , अनिल कुमार द्विवेदी यूनिसेफ बलरामपुर , समाज कल्याण से विनय कुमार, ओम प्रकाश पंचशील समाज कल्याण संस्थान, ओंकार नाथ चौधरी व राजकुमार ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान, अरुण चौधरी देहात ऑगेर्नाइजेशन बलरामपुर , श्रवण कुमार नायक वर्ल्ड विजन इंडिया,वन स्टाफ सेंटर से कविता पाल तथा जनपद के थानो में नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी /कर्म0गण ने प्रतिभाग किया।

# कानपुर के पेंटर ने सूदखोर की वजह से ही की थी आत्महत्या : रिपोर्ट दर्ज, जांच शुरू

- सूदखोरों की प्रताड़ना की वजह से कानपुर में 5 साल के अंदर एक दर्जन से ज्यादा लोग कर चुके आत्म हत्या, यहां जिले में सूदखोरों का आतंक लगातार बरकरार है।

♦भारत टाइम्स♦

**सुनील बाजपेई। कानपुर।** यहां जिले में सूदखोरों का आतंक लगातार बरकरार है। वह दिए गए धन का ब्याज मनमाना तरीके से वसूल करते हैं और नहीं देने पर जिस अमानवीय तरीके से प्रताड़ित करते हैं। उसके फलस्वरूप लोग आत्महत्या करने के लिए भी मजबूर हो जाते हैं। कुछ ऐसा ही कानपुर के पेंटर नीरज राजपूत के साथ भी हुआ । उसने भी एक सूदखोर की प्रताड़ना से नाराज होकर आत्महत्या कर ली। उसकी आत्महत्या के बाद बच्चे भी परेशान है। उनकी पढ़ाई लिखाई भी प्रभावित है। मामले में मुकदमा दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है जिसके बाद आरोपी फरार है। उसकी तलाश भी लगातार की जा रही है। सूदखोरों की वजह से आत्महत्या करने का यह मामला पहले नहीं है। कानपुर में बीते 5 साल के अंदर एक दर्जन से ज्यादा लोग सूदखोरों की वजह से ही मौत को गले लगाने के लिए मजबूर हो चुके हैं।

### प्राप्त जानकारी के मुताबिक

नगर निवासी आशीष कुमार राजपूत के अनुसार बड़े भाई नीरज राजपूत पेंटर थे। दो साल पहले भाई ने क्षेत्र के ही रहने वाले मुकेश बहेलिया से 30 हजार रुपए ब्याज पर लिए थे। भाई हर महीन ब्याज सहित रुपए मुकेश को देते थे। रिपोर्ट दर्ज कराने वाले भाई के मुताबिक कुछ महीनों से काम न मिलने पर नीरज रुपए नहीं दे पा रहे थे। इस कारण मुकेश लगातार रास्ते में रोक कर व फोन कर भाई से रुपयों की मांग करता था। साथ ही रुपए न देने पर हुए बेइज्जत करते हुए गाली गलौज कर प्रताड़ित करता था। पुलिस को मृतक के भाई ने बताया कि इसके कारण नीरज को डिप्रेशन में आ गया था। बीती 17 फरवरी को भाई काम की तलाश की बात कहते हुए घर से निकले थे। तभी सूचना मिली कि भाई किदवई नगर संजय वन रोड पर सड़क किनारे बेहोशी की हालत में मिले है। इस पर वह लोग उन्हें अस्पताल ले गये, जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पीड़ित ने आरोपी सूदखोर मुकेश बहेलिया की प्रताड़नाओं से आहत होकर बड़े भाई के जहर खाकर आत्महत्या कर लेने का आरोप लगाते हुए किदवई नगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच शुरू करने के साथ ही खराब आरोपी की भी तलाश कर रही है।